सूर्योदय - 06:32
सूर्यास्त - 05:39

अधिकतम तापमान 20.5°
न्यूनतम तापमान 17.2°

ओपन सर्च

हिन्दी दैनिक

RNI No. HARHIN/2023/86132

खबरें और विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें

Mob. : 8826637033
opensearchnews@gmail.com

E-mail | satbeerbhardwaj925@gmail.com Facebook | https://www.facebook.com/opensearch.co.in Website | www.opensearch.co.in

वर्ष : 04 अंक : 94 गुरुग्राम (हरियाणा), गुरुवार 5 नवंबर 2026 | हरियाणा, नई दिल्ली, बिहार से प्रकाशित | ₹ मूल्य : 01 रुपए | पृष्ट : 08

दिवाली त्यौहार के दौरान अलर्ट मोड पर रहेंगे प्रदेश के अस्पताल

- स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने जारी की विशेष एडवाइजरी

ओपन सर्च/ब्यूरो





- अस्पतालों में बर्न, ईएनटी और इमरजेंसी बेड आरक्षित, डॉक्टर रहेंगे ऑन-कॉल
- आतिशबाजी और हादसों के इलाज में नहीं होगी देरी

चंडीगढ़। हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने दिवाली पर्व के दौरान अस्पतालों को अलर्ट मोड पर रहने और आपातकालीन तैयारियों को मजबूत करने के लिए विशेष सलाह जारी की है। त्योहार के समय पटाखों और अन्य हादसों के कारण जलने और सांस संबंधी समस्याओं के मामलों में बढ़ोतरी की संभावना को देखते हुए उन्होंने सभी सरकारी और निजी अस्पतालों में बर्न-वार्ड अलग से तैयार रखने के निर्देश दिए हैं। आपातकालीन केंद्रों में पर्याप्त मात्रा में ब्रोंकोडायलेटर्स, ऑक्सीजन सिलेंडर और बर्न ट्रीटमेंट किट जैसी आवश्यक दवाओं व चिकित्सा आपूर्ति का पहले से ही प्रबंध सुनिश्चित करने को कहा गया है।

आतिशबाजी या किसी भी प्रकार दुर्घटना के शिकार लोगों का त्वरित इलाज संभव हो सके, इसके लिए सभी सरकारी अस्पतालों में 20 से अधिक बेड आरक्षित रखने के निर्देश दिए गए हैं। दिवाली के दिन सामान्य दिनों की तुलना में सड़क हादसों, झुलसने और आंखों की चोटों की घटनाओं में इजाफा होता है, जिसे देखते हुए इमरजेंसी विभाग के अलावा नेत्र रोग (ऑप्थैल्मोलॉजी), आर्थोपेडिक और सर्जरी विभागों में भी बेड सुरक्षित रखे जाएंगे।

स्वास्थ्य मंत्री ने निर्देश दिया है कि नेत्र रोग, आर्थोपेडिक और सर्जरी विशेषज्ञों को अलर्ट मोड और ऑन-कॉल ड्यूटी पर रखा जाए ताकि पीड़ितों को तुरंत और प्रभावी इलाज मिल सके। दिवाली के दिन किसी भी आकस्मिक परिस्थिति से निपटने के लिए सरकारी और निजी, दोनों क्षेत्रों के विशेषज्ञों को तैनात रहने का आदेश जारी किया गया है। इसके अतिरिक्त बर्न मरीजों के लिए पर्याप्त संख्या में स्ट्रेचर, बेड, आई/वी स्टैंड, आई/वी सोलूशन्स और एंटीबायोटिक्स की सुगम उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया है। दिवाली पर्व के दौरान चिकित्सा कर्मियों और विशेषज्ञों को शहर से बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी तथा आई और ईएनटी विशेषज्ञों की टीमें अस्पतालों में मौजूद रहेंगी। वहीं गंभीर मामलों की त्वरित देखभाल के लिए अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर और आईसीयू में भी विशेष रूप से बेड आरक्षित किए जाएंगे।



नई दिल्ली में बुधवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शिष्टाचार भेंट की।

18 व 19 नवम्बर को नई दिल्ली में होगी राष्ट्रीय स्तर की विभागीय समिट : कृष्ण कुमार बेदी

सामाजिक एवं दिव्यांगजनों से संबंधित होगी समिट

ओपन सर्च/ब्यूरो



चंडीगढ़। हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री श्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि आगामी 18 व 19 नवम्बर 2026 को नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर की "दो दिवसीय वयो सम्मान राष्ट्रीय अभियान एवं वयो सारथी विभागीय समिट' का आयोजन किया जाएगा। इस समिट का उद्घाटन केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री श्री विरेन्द्र कुमार करेंगे तथा समापन भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री श्री कृष्ण कुमार बेदी बुधवार को चण्डीगढ में विभागीय समिट की तैयारियों को लेकर आयोजित वीसी के बाद यहां जानकारी दे रहे थे।

उन्होंने कहा कि समिट को लेकर देश भर के राज्यों से 11720 एक्टिव सुझाव मिले हैं। इनकी विस्तार से समीक्षा की जाएगी। यह दो दिवसीय समिट नशा मुक्त भारत, विद्यार्थियों को सशक्त छात्रवृति, दिव्यांगजनों को दी जाने वाली सुविधाओं एवं सुगम्य एवं विकसित भारत लेकर चार गम्भीर विषयों एवं थीम पर आधारित होगी। श्री बेदी ने कहा कि देश में यह विभागीय समिट पहली बार हो रही हे। इसमें दो विषय सामाजिक तथा दो दिव्यांगजनों से संबंधित हैं। इनमें मादक पदार्थो में कमी लाने, छात्रवृति का सशक्तिकरण तथा पहले ही पहचान कर दिव्यांगजनों को समुचित लाभ देकर आत्मनिर्भर बनाने तथा सुगम्य भारत के लिए केन्द्र सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों को शामिल किया गया है। पंच निवेश एवं समावेशी संकल्प पर आधारित इन फीड बैक की विस्तार से समीक्षा करके भविष्य की योजनाएं बनाकर क्रियान्वित की जाएगी। यह सुझाव सामाजिक सुरक्षा एवं दिव्यांगजनों के लिए मील का पत्थर साबित होंगे। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने कहा कि यह समिट समाज में और अधिक पहुंच तथा सशक्त बनाने की दिशा के साथ ही सभी राज्यों को सामूहिक रूप से कदम बढाकर चलने के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण होगी। इसके अलावा दिव्यांगता के क्षेत्र में कमी लाने के लिए बेहतर कदम उठाए जाएगें। इसमें देश के सभी राज्यों के मंत्री एवं वरिष्ठ अधिकारी भाग लेंगे। इस अवसर विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रीमती जी अनुपमा, निदेशक श्री मुकुल कुमार सहित कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

एसटीपी के आसपास दुर्गंध दूर करने के लिए 24 प्लांटों पर लगेंगे एक्टिवेटेड कार्बन सिस्टम

करीब 3,865.806 लाख रुपये होंगे खर्च : मंत्री रणबीर गंगवा

ओपन सर्च/ब्यूरो



चंडीगढ़। सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के आसपास फैलने वाली दुर्गंध से अब लोगों और किसानों को राहत दिलाने की तैयारी है। हरियाणा में ट्रीटेड वेस्ट वाटर की दुर्गंध कम करने के लिए 24 एसटीपी पर एक्टिवेटेड कार्बन आधारित सिस्टम लगाए जाएंगे। इस पर करीब 3,865.806 लाख रुपये रुपये खर्च होने का अनुमान है। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि एसटीपी के आसपास दुर्गंध की समस्या को गंभीरता से लेते हुए ट्रीटेड पानी की गुणवत्ता सुधारने के लिए प्रभावी कदम उठाएं और किसानों की शिकायतों का प्राथमिकता से समाधान करें।

मंत्री रणबीर गंगवा हरियाणा सिविल सचिवालय में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में 25 करोड़ रुपये और इससे अधिक लागत वाली प्रमुख परियोजनाओं की सर्कलवार समीक्षा की गई। विभाग की अतिरिक्त सचिव श्रीमती रेणु सोगन, इंजीनियर-इन-चीफ श्री देवेंद्र दहिया सहित वरिष्ठ अधिकारी बैठक में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहे, जबकि प्रदेशभर के अधीक्षक अभियंता (एसई), कार्यकारी अभियंता (एक्सईएन) और उपमंडल अभियंता (एसडीओ) वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। मंत्री गंगवा ने कहा कि एसटीपी के आसपास दुर्गंध फैलने और ट्रीटेड वेस्ट वाटर की गुणवत्ता को लेकर किसानों और स्थानीय लोगों की शिकायतें सामने आती रहती हैं। विभाग यह सुनिश्चित करे कि ट्रीटमेंट के बाद पानी की गुणवत्ता बेहतर हो और उसके उपयोग से आसपास के लोगों को परेशानी न हो।

इन क्षेत्रों में लगाए जाएंगे एक्टिवेटेड कार्बन सिस्टम

विभाग की योजना के तहत अंबाला सर्कल के छछरौली, पिंजौर के माणकपुर और बराड़ा के मौजगढ़ रोड स्थित एसटीपी में एक्टिवेटेड कार्बन सिस्टम लगाने की तैयारी है। हिसार सर्कल में हिसार के ऋषि नगर, राजगढ़ रोड, कैमरी रोड और सातरोड, हांसी में लालपुरा रोड, भिवानी रोड, नारनौंद में हांसी-जींद रोड, जींद सर्कल में हांसी रोड, पुराना हांसी रोड और नरवाना रोड, जुलाना में सीएचसी के नजदीक तथा सफीदों के गांव रामपुरा स्थित एसटीपी भी इस योजना में शामिल हैं। इसी प्रकार सिरसा सर्कल में फतेहाबाद के खराती खेड़ा रोड, फतेहाबाद में भट्टू रोड, भूना में कुलां रोड, भिवानी सर्कल में भिवानी के दादरी रोड और धाना रोड, सिवानी में तोशाम रोड तथा लोहारू में श्मशान घाट के नजदीक स्थित एसटीपी पर भी यह व्यवस्था स्थापित करने की तैयारी है। इन स्थानों पर एक्टिवेटेड कार्बन आधारित सिस्टम के जरिए ट्रीटेड वेस्ट वाटर की दुर्गंध कम करने और उसके पुनः उपयोग को बढ़ावा देने पर जोर रहेगा।

गृह मंत्री की पदयात्रा को लेकर मंथन, महापौर ने किया संगठन महामंत्री का स्वागत

प्रदेश महामंत्री गोपाल शर्मा का भी अभिनंदन, पांच नवंबर के आयोजन को भव्य बनाने के लिए संगठनात्मक व्यवस्थाओं और जनभागीदारी पर चर्चा

ओपन सर्च / प्रदीप मैहता



करनाल। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के करनाल आगमन पर आयोजित होने वाली 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा को लेकर भाजपा संगठन ने तैयारियों को अंतिम रूप दिया। इसी क्रम में महापौर रेणु बाला गुप्ता ने भाजपा जिला कार्यालय 'कर्ण कमल' में संगठन महामंत्री पवन राणा एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री गोपाल शर्मा का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर पदयात्रा को भव्य और ऐतिहासिक बनाने के उद्देश्य से संगठनात्मक व्यवस्थाओं, कार्यक्रम की रूपरेखा तथा कार्यकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का करनाल आगमन शहर और संगठन के लिए उत्साह एवं गौरव का अवसर है। इस महत्वपूर्ण आयोजन को सफल बनाने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को पूरी निष्ठा, ऊर्जा और समर्पण के साथ अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। उन्होंने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसका मजबूत संगठन और समर्पित कार्यकर्ता हैं। सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता आपसी तालमेल के साथ काम करें, ताकि पदयात्रा में अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित हो सके। महापौर ने कहा कि संगठन की एकजुटता, कार्यकर्ताओं का अथक परिश्रम और सामूहिक संकल्प किसी भी बड़े आयोजन की सफलता का आधार होते हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी के समन्वित प्रयासों से करनाल में आयोजित होने वाली यह पदयात्रा भव्य एवं यादगार बनेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पूरी सक्रियता के साथ तैयारियों में जुटने का आह्वान किया।

आपसी समन्वय पर बल

इस अवसर पर संगठन महामंत्री पवन राणा एवं प्रदेश महामंत्री गोपाल शर्मा ने भी पदयात्रा की तैयारियों को लेकर संगठनात्मक चर्चा की और कार्यकर्ताओं की सहभागिता तथा आपसी समन्वय पर जोर दिया। बैठक में करनाल विधायक जगमोहन आनंद सहित नगर निगम के पार्षद, पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए हरियाणा सरकार का बड़ा फैसला

'मेरी फसल मेरा ब्योरा' से जुड़े किसानों को मिलेगी 80% सब्सिडी : कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा

ओपन सर्च/ब्यूरो



चंडीगढ़। हरियाणा में जैविक खेती को व्यापक स्तर पर बढ़ावा देने और किसानों की आय में वृद्धि करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी द्वारा की गई बजट घोषणा पर कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने तेजी से कार्रवाई शुरू कर दी है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री श्याम सिंह राणा ने बताया कि राज्य सरकार प्राकृतिक और जैविक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री राणा ने बताया कि 'मेरी फसल मेरा ब्योरा' पोर्टल से पंजीकृत किसानों को जैविक खाद पर 80 प्रतिशत तक की भारी सब्सिडी प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही जैविक खादों की बिक्री को सुलभ बनाने के लिए विक्रेताओं को 5 किलोग्राम तक की छोटी पैकिंग पर बिक्री संबंधी लाइसेंस प्रक्रिया से छूट देने का निर्णय लिया गया है। श्री श्याम सिंह राणा ने विभागीय कार्रवाई की जानकारी देते हुए स्पष्ट किया कि फर्मेंटेड ऑर्गेनिक मैन्योर (FOM), लिक्विड फर्मेंटेड ऑर्गेनिक मैन्योर (LFOM) और फॉस्फेट रिच ऑर्गेनिक मैन्योर (PROM) जैसी जैविक खादों की 5 किलोग्राम तक की छोटी पैकिंग तथा 10 मीट्रिक टन तक का स्टॉक रखने वाले डीलरों को लाइसेंसिंग नियमों में ढील देने की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। और जल्द ही इसे लागू कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस पहल से न केवल राज्य में जैविक उत्पादों का उपयोग बढ़ेगा, बल्कि छोटे विक्रेताओं को व्यापार करने में सुगमता होगी और किसानों को भी सब्सिडी का सीधा लाभ मिलेगा।

तेज रफ्तार थार ने स्कूटी सवार महिला टीचर को मारी टक्कर, गंभीर

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। सेक्टर-4/7 चौक पर गलत दिशा से आ रही तेज रफ्तार थार गाड़ी ने स्कूटी सवार शिक्षिका को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में शिक्षिका गंभीर रूप से घायल हो गईं। उनके बाएं पैर के टखने की हड्डी टूट गई, जबकि शरीर के अन्य हिस्सों में भी चोटें आई हैं। मामले में पुलिस ने थार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर-07 निवासी मुस्कान ठक्कर ने बताया कि वह श्री श्याम स्कूल, गुरुग्राम गांव में शिक्षिका के पद पर कार्यरत हैं। तीन नवंबर की सुबह वह अपनी स्कूटी से स्कूल जा रही थीं। जब वह सेक्टर-4/7 चौक से न्यू रेलवे रोड की तरफ बढ़ रही थीं, तभी सेक्टर-5 चितपूर्णी की ओर से आ रही एक काले रंग की थार ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। महिला का आरोप है कि थार गलत दिशा से तेज रफ्तार में आ रही थी और टक्कर के बाद चालक ने रुकने के बजाय मौके से भागने का प्रयास किया। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि मौके पर मौजूद राहगीरों और पुलिस की मदद से थार को रोका गया। चालक शराब के नशे में था और अस्पताल पहुंचने के बाद भी उसने दुर्व्यवहार किया। पुलिस ने थार चालक पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।



पुलिस की तत्परता से 11 वर्षीय गुमशुदा बच्चा सकुशल मिला

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। गुरुग्राम पुलिस ने तत्परता और मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए एक 11 वर्षीय गुमशुदा बच्चे को सकुशल तलाश कर उसके परिजनों से मिलवा दिया। थाना सेक्टर-50 पुलिस की इस सराहनीय कार्रवाई से जहां बच्चे को सुरक्षित उसके परिवार तक पहुंचाया गया, वहीं अपने बेटे को सही-सलामत पाकर पिता ने भी राहत की सांस ली और गुरुग्राम पुलिस का आभार जताया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 03 नवंबर 2026 को थाना सेक्टर-50 क्षेत्र में एक 11 वर्षीय बच्चा गुमशुदा हालत में मिला था। बच्चे को अकेला देखकर थाना सेक्टर-50 की पुलिस टीम ने तुरंत उसे अपनी सुरक्षा में लिया और उसके परिजनों की तलाश शुरू कर दी। पुलिस टीम ने बच्चे से बातचीत कर आवश्यक जानकारी जुटाई और आसपास के क्षेत्र में पूछताछ करते हुए उसके परिवार का पता लगाने के प्रयास किए। पुलिसकर्मियों की लगातार कोशिशों के बाद बच्चे के पिता शिव सागर साहनी, निवासी सेक्टर-46, गुरुग्राम से संपर्क स्थापित हो गया। इसके बाद पुलिस टीम ने आवश्यक पूछताछ और नियमानुसार कार्रवाई पूरी करते हुए बच्चे को सकुशल उसके पिता के सुपुर्द कर दिया। लंबे इंतजार और चिंता के बाद अपने बच्चे को सुरक्षित सामने देखकर पिता के चेहरे पर खुशी लौट आई। उन्होंने गुरुग्राम पुलिस की तत्परता और सराहनीय कार्य के लिए पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया।

मारपीट के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। गुरुग्राम के सेक्टर-37 इलाके में गौशाला के सामने खाली मैदान में घूम रहे एक व्यक्ति और उसके भतीजे व भांजे के साथ गाली-गलौज और मारपीट करने के मामले में थाना सेक्टर-10 पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को सेक्टर-37 से काबू किया। पूछताछ में सामने आया कि शिकायतकर्ता के साथ हुई कहासुनी के बाद आरोपियों ने मारपीट की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता ने थाना सेक्टर-10 में दी शिकायत में बताया कि 08 अक्टूबर को रात करीब 9 बजे वह अपने भतीजे और भांजे के साथ खाना खाने के बाद सेक्टर-37 स्थित गौशाला के सामने खाली मैदान में घूम रहा था। इसी दौरान वहां कुछ युवक शोर-शराबा कर रहे थे। जब उन्होंने युवकों से शोर करने का कारण पूछा तो आरोपियों ने उनके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी और मारपीट करने लगे। शिकायत के आधार पर थाना सेक्टर-10 में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। मामले की जांच के दौरान थाना सेक्टर-10 की पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अमर उर्फ चिकना (24), निवासी गांव तरोली, जिला कानपुर देहात (उत्तर प्रदेश), हाल निवासी गांव खांडसा, गुरुग्राम और सागर उर्फ तिजारा (19), निवासी गांव तिजारा, जिला अलवर (राजस्थान), हाल निवासी गांव नरसिंहपुर, गुरुग्राम के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ कि शिकायतकर्ता के साथ हुई कहासुनी को लेकर आरोपियों ने मारपीट की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी अमर उर्फ चिकना के खिलाफ लड़ाई-झगड़े और शस्त्र अधिनियम के तहत पहले से तीन मामले दर्ज हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया।



सीएम फ्लाइंग की रेड कर 186 किलो पटाखे किए बरामद

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। सीएम फ्लाइंग और पुलिस की संयुक्त टीम ने बादशाहपुर में एक मकान की छत पर चल रही पटाखों की अवैध दुकान का भंडाफोड़ किया है। टीम ने मौके से करीब 186 किलो पटाखे बरामद कर एक आरोपी को काबू किया है। आरोपी के खिलाफ बादशाहपुर थाने में मामला दर्ज कराया गया है। जानकारी के अनुसार, सीएम फ्लाइंग के एएसआई को सूचना मिली थी कि उत्तर प्रदेश के बदायूं का रहने वाला अंकित बादशाहपुर में सब्जी मंडी के पास एक मकान की छत पर अवैध रूप से पटाखों की बिक्री कर रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए सीएम फ्लाइंग के एसआई नरेंद्र और एसआई करण सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गई। इसके बाद टीम ने पुलिस के साथ मिलकर बताए गए ठिकाने पर छापेमारी की। मौके पर अंकित पटाखे बेचता हुआ मिला। टीम ने मकान की छत से करीब 186 किलो पटाखे बरामद किए और आरोपी को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने बरामद पटाखों को कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ बादशाहपुर थाने में केस दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है। गौरतलब है कि इससे पहले भी पुलिस सैकड़ों किलो पटाखों के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। अवैध पटाखों की बिक्री और भंडारण के खिलाफ लगातार की जा रही कार्रवाई से इस कारोबार में शामिल लोगों पर शिकंजा कसता नजर आ रहा है।

हिट एंड रन केस में घायल बुजुर्ग की पांच दिन बाद मौत

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। पुरानी दिल्ली रोड पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में घायल हुए बुजुर्ग की पांच दिन तक जिंदगी और मौत के बीच जूझने के बाद अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के बेटे की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में क्रिस कुमार ने बताया कि 29 अक्टूबर 2026 की शाम करीब 7:40 बजे उनके पिता गोविंद यादव साइकिल से घर लौटने के दौरान राजपूत वाटिका के पास पहुंचे तो किसी अज्ञात वाहन चालक ने कथित तौर पर तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के बाद एक राहगीर ने उन्हें सड़क से उठाकर कल्याणी अस्पताल में भर्ती कराया। बेहतर उपचार के लिए उन्हें सेक्टर-37 स्थित सिग्नेचर अस्पताल में रेफर करवाया। गत मंगलवार को इलाज के दौरान गोविंद यादव की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के बेटे की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले में जांच अधिकारी एएसआई गुलदीन खान ने कहा कि पुलिस हादसे में शामिल अज्ञात वाहन और उसके चालक की पहचान करने के प्रयास कर रही है।

ट्रैक्टर की टक्कर से कंपनी कर्मी की मौत

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। खेड़की माजरा चौक पर ट्रैक्टर की टक्कर से स्कूटी सवार कंपनी कर्मी की मौत हो गई। राजेंद्रा पार्क थाना पुलिस ने आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। प्रदीप चौधरी (18 वर्ष) गुरुग्राम की डोकसी इंडस्ट्री क्लीनर कंपनी में काम करता था। बीती 3 नवंबर को सुबह करीब सवा 11 बजे वह कंपनी की स्कूटी पर किसी काम से सेक्टर-108 की ओर जा रहा था। जब वह 75 मीटर रोड स्थित खेड़की माजरा चौक पर पहुंचा तो एक अज्ञात ट्रैक्टर चालक ने कथित तौर पर तेज रफ्तार और लापरवाही से ट्रैक्टर चलाते हुए उसकी स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में प्रदीप गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए बसई स्थित वाइब्रेंट अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे की सूचना मिलने पर युवक के पिता दशरथ भी अस्पताल पहुंचे, लेकिन कुछ समय बाद डॉक्टरों ने प्रदीप को मृत घोषित कर दिया। राजेंद्रा पार्क थाना पुलिस ने आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जनसमस्याओं की अनदेखी पर मुख्यमंत्री एक्शन मोड में, गुरुग्राम में अधिकारियों पर लिया एक्शन

गलत प्रॉपर्टी आईडी बनाने पर दो अधिकारियों की तीन माह तक 50 प्रतिशत सैलरी काटने, चार्जशीट और एनसीआर से बाहर तबादले के निर्देश

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश के सरकारी स्कूलों के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए 2,000 करोड़ रुपये से अधिक की योजना को मंजूरी दी गई है। इसके तहत दिसंबर 2027 के अंत तक 400 से अधिक सरकारी स्कूलों को नए भवन उपलब्ध करवाए जाएंगे। सरकार का प्रयास है कि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण और आधुनिक सुविधाएं मिलें। मुख्यमंत्री ने यह जानकारी बुधवार को गुरुग्राम में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक के दौरान एक स्कूल के भवन के जीर्णोद्धार से संबंधित शिकायत की सुनवाई करते हुए दी। बैठक में कुल 15 परिवाद सुनवाई के लिए रखे गए, जिनमें से मुख्यमंत्री ने 11 का मौके पर ही निपटारा किया, जबकि शेष 4 मामलों को आगामी बैठक तक लंबित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इन मामलों में की गई कार्रवाई की स्टेटस रिपोर्ट अगली बैठक में प्रस्तुत करने को कहा। बैठक में हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह, पटौदी की विधायक श्रीमती बिमला चौधरी, सोहना के विधायक श्री तेजपाल तंवर और गुरुग्राम के विधायक श्री मुकेश शर्मा भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करना और उन्हें निर्धारित समय-सीमा में बेहतर, सुगम एवं गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं उपलब्ध करवाना सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सामूहिक जिम्मेदारी है। सरकार का संकल्प है कि प्रत्येक नागरिक की समस्या को गंभीरता से लेते हुए उसका त्वरित एवं प्रभावी निवारण सुनिश्चित किया जाए।

सार्वजनिक शौचालयों की स्वच्छता व्यवस्था की होगी जांच, एक माह में रिपोर्ट सौंपेंगी कमेटियां: मुख्यमंत्री ने गुरुग्राम और मानेसर नगर निगम क्षेत्रों में सार्वजनिक शौचालयों की स्वच्छता एवं रखरखाव से जुड़ी शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए जांच के निर्देश दिए। उन्होंने जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति के माध्यम से प्रत्येक जोन में तीन सदस्यीय कमेटी गठित करने को कहा, जिसमें एक सरकारी अधिकारी भी शामिल होगा। ये कमेटियां गुरुग्राम नगर निगम के छह तथा मानेसर नगर निगम के दो जोन में सार्वजनिक शौचालयों की स्थिति और साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर एक माह के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपेंगी। जांच रिपोर्ट के आधार पर भविष्य में सार्वजनिक शौचालयों के बेहतर रखरखाव और नियमित स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए उचित व्यवस्था की जाएगी।

नागरिक से दुर्व्यवहार के मामले में मुख्यमंत्री सख्त, नगर निगम गुरुग्राम के पटवारी को निलंबित करने के निर्देश: मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने बैठक में एक नागरिक की शिकायत पर सुनवाई करते हुए नगर निगम गुरुग्राम के पटवारी द्वारा गलत व्यवहार किए जाने के मामले को गंभीरता से लिया। शिकायतकर्ता के साथ दुर्व्यवहार की बात सामने आने पर मुख्यमंत्री ने संबंधित पटवारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों के साथ सम्मानजनक व्यवहार करना प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी की जिम्मेदारी है। सरकारी कार्यालयों में अपने कार्यों के लिए आने वाले लोगों के साथ दुर्व्यवहार या उनकी शिकायतों की अनदेखी किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं की जाएगी।

गलत प्रॉपर्टी आईडी बनाने पर सम्बंधित अधिकारियों की सैलरी काटने तथा चार्जशीट करने के निर्देश

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने नगर परिषद पटौदी-जटौली मंडी क्षेत्र से संबंधित एक शिकायत की सुनवाई करते हुए गलत तरीके से प्रॉपर्टी आईडी बनाने तथा निर्धारित नियमों एवं प्रक्रियाओं की अनदेखी के मामले को गंभीरता से लिया। जांच में सामने आया कि तत्कालीन बिल्डिंग इंस्पेक्टर और म्युनिसिपल इंजीनियर ने सक्षम अधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना निर्धारित प्रक्रिया का पालन किए बगैर प्रॉपर्टी आईडी बनाई थीं। मुख्यमंत्री ने ड्यूटी में गंभीर लापरवाही बरतने पर दोनों अधिकारियों की तीन माह तक 50 प्रतिशत सैलरी काटने, उनके चार्जशीट करने तथा हरियाणा के एनसीआर जिलों से बाहर तबादला करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकारी कार्यों में लापरवाही और नियमों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आमजन के हितों से जुड़े मामलों में अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित करना अनिवार्य है।

वर्ष 2022 में मांगी आरटीआई के तहत सूचना देने में लापरवाही बरतने पर तत्कालीन नायब तहसीलदार व तहसीलदार पर लगाया 50 हजार रुपए जुर्माना

नायब तहसीलदार सुशील कुमार बल्लभगढ़ में जबकि तहसीलदार गुरुग्राम में कार्यरत

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। राज्य सूचना आयोग ने आरटीआई एक्ट के तहत मांगी गई सूचना देने में लापरवाही बरतने के मामले में गुरुग्राम के दो राजस्व अधिकारियों पर 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। इसके साथ ही संबंधित सक्षम प्राधिकारी को इन अधिकारियों के खिलाफ सेवा नियमों के तहत उचित अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू करने के भी सख्त निर्देश दिए हैं। इन अधिकारियों में गुरुग्राम में वर्ष 2022 में कार्यरत नायब तहसीलदार सुशील कुमार व तहसीलदार दर्पण कंबोज शामिल हैं। अभी नायब तहसीलदार सुशील कुमार बल्लभगढ़ फरीदाबाद में कार्यरत हैं जबकि दर्पण कंबोज गुरुग्राम में पोस्टेड हैं।

राज्य सूचना आयोग ने आरटीआई अधिनियम, 2005 की धारा 20(1) के तहत वैधानिक शर्तों को पूरा पाते हुए तत्कालीन अधिकारियों को जवाबदेह ठहराया है। आयोग ने वर्ष 2024 में 'कारण बताओ नोटिस' संख्या 1464 और 1468 पर फैसला सुनाते हुए तहसीलदार दर्पण कंबोज और नायब तहसीलदार सुशील कुमार पर 25-25 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। ये दोनों अधिकारी 7 नवंबर 2022 को दाखिल किए गए आरटीआई आवेदन के समय राज्य लोक सूचना अधिकारी का प्रभार संभाल रहे थे और मामले से सीधे तौर पर जुड़े हुए थे। हालांकि तत्कालीन नायब तहसीलदार सुशील कुमार ने कहा कि उन्हें अभी कुछ याद नहीं है, लेकिन आयोग के आदेशानुसार वे जुर्माना राशि जमा करा देंगे।

रिटायरमेंट के बाद भी पेंशन से वसूली जा सकती है जुर्माना राशि

आयोग ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि जुर्माने की यह राशि आदेश मिलने के तीन महीने के भीतर आयोग के निर्दिष्ट हेड या स्टेट इंफॉर्मेशन कमिशन के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से पंचकूला में जमा करानी होगी। आयोग सचिवालय को इस आदेश की प्रति गुरुग्राम के उपायुक्त को भेजने के निर्देश दिए हैं, जो अधिकारियों से इस राशि की वसूली सुनिश्चित करेंगे। नायब तहसीलदार अगले छह महीने में रिटायर होंगे, जिससे पेंशन से भी वसूली की जा सकती है।

90 दिन में मांगी कार्रवाई की रिपोर्ट: आदेश के तहत उच्च अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया गया है कि वे इस बात की गहन जांच करें कि आखिर सूचना देने में देरी किन परिस्थितियों की वजह से हुई। देरी, लापरवाही और कर्तव्य में ढिलाई बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ विभागीय सेवा नियमों के तहत बिना किसी देरी के उचित अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए। इस कार्रवाई की रिपोर्ट अगले तीन महीनों के भीतर राज्य सूचना आयोग को सौंपनी होगी।

क्या कहते हैं शिकायतकर्ता

शिकायतकर्ता हरेंद्र ढींगड़ा का कहना है कि आयोग ने एक अन्य आरटीआई आवेदन से जुड़ी शिकायत के मामले में पहले ही इन अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करने और धारा 20(2) के तहत उचित अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद, निर्धारित समय सीमा के भीतर सूचना उपलब्ध न कराने को आयोग ने गंभीरता से लिया।

बीएसएफ डीआईजी के बेटे की 11वीं मंजिल से गिरने से मौत, पुलिस जांच में जुटी

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। गुरुग्राम में एक वरिष्ठ बीएसएफ अधिकारी के परिवार से जुड़ी दुखद घटना सामने आई है। बीएसएफ में तैनात डीआईजी के बेटे की यहां सेक्टर-85 की सोसाइटी में 11वीं मंजिल से गिरने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही खेड़की दौला थाना पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर जरूरी साक्ष्य जुटाए और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवा दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) में डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल (डीआईजी) के पद पर तैनात सत्यवान वर्तमान में ओडिशा के कोरापुट में तैनात हैं। उनके 28 वर्षीय बेटे असीम सेक्टर-85 की द लीफ सासाइटी में रहते थे। बुधवार दोपहर करीब 2 बजे टावर नंबर-8 के 11वीं मंजिल फ्लैट-10 B की बालकनी से गिरने के बाद असीम की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर आसिम को आरवी हॉस्पिटल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही खेड़की दौला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अचानक हुई इस घटना से सोसाइटी परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। तेज आवाज सुनकर नीचे मौजूद सुरक्षाकर्मी और निवासी मौके पर पहुंचे, जहां युवक गंभीर हालत में पड़ा मिला।

खेड़की दौला थाना पुलिस ने घटनास्थल और संबंधित फ्लैट को सील कर दिया है। पुलिस मामले से जुड़े सभी पहलुओं की जांच कर रही है। फिलहाल युवक की मौत के पीछे के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने और आवश्यक साक्ष्य जुटाने के बाद ही घटना की वास्तविक परिस्थितियों के बारे में स्पष्ट जानकारी सामने आ सकेगी। बताया जा रहा है कि असीम के पिता सत्यवान वर्तमान में ओडिशा के कोरापुट में बीएसएफ में तैनात हैं। बेटे की मौत की सूचना मिलते ही वह गुरुग्राम के लिए रवाना हो गए।

महिला के पेट से पोस्टमार्टम के दौरान मिले कपड़े को लेकर जांच कमेटी गठित

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

- सीएमओ ने ईएसआईसी की एमएस को पत्र लिखकर जांच कराने के निर्देश दिए

गुरुग्राम। गुरुग्राम के ईएसआईसी अस्पताल में महिला की सर्जरी के दौरान पेट में कपड़ा छोड़कर टांके लगा दिए जाने से महिला की मौत गई थी। इस मामले में अब सीएमओ डॉक्टर विरेंद्र बसवाना ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद महिला की सर्जरी में हुई लापरवाही को लेकर ईएसआईसी सेक्टर-9 अस्पताल की एमएस उमा वर्मा को इस मामले में कमेटी गठित कर जांच करने की मांग की है। मृतक महिला मंजू के शव का मेडिकल बोर्ड ने पोस्टमार्टम किया था। 28 वर्षीय मंजू सेक्टर-5 की शीतला कॉलोनी में रहती थी। परिजनों के अनुसार, गत 30 अक्टूबर को पेट में दर्द और रक्तस्राव होने पर उन्हें 31 अक्टूबर तड़के ईएसआईसी अस्पताल सेक्टर-9 में भर्ती कराया गया था। जहां डॉक्टरों ने सर्जरी कर गर्भस्थ शिशु को बाहर निकाला, लेकिन महिला का रक्तस्राव जारी रहा। महिला की हालत बिगड़ने पर उन्हें पालम विहार के निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां महिला की मौत हो गई। गत सोमवार को तीन चिकित्सकों के मेडिकल बोर्ड ने पोस्टमार्टम किया। इस दौरान पेट से गाउन का कपड़ा और गॉज बरामद हुआ, जिन्हें साक्ष्य के तौर पर सुरक्षित रखा गया है।

अग्निवीरों का सेवा कार्यकाल बढ़ाना युवाओं के भविष्य के लिए ऐतिहासिक निर्णय : सुरेश यादव

अग्निवीरों को दो साल का अतिरिक्त सेवा अवसर देना केंद्र सरकार की दूरदर्शी सोच का प्रमाण: सुरेश यादव

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य सुरेश यादव ने अग्निवीरों के सेवा कार्यकाल को चार वर्ष से बढ़ाकर छह वर्ष करने के फैसले का स्वागत करते हुए इसे केंद्र सरकार का ऐतिहासिक, दूरदर्शी और युवाओं के हित में लिया गया महत्वपूर्ण निर्णय बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने एक बार फिर साबित किया है कि वह देश की सुरक्षा के साथ-साथ युवाओं के भविष्य और सैनिकों के सम्मान को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सुरेश यादव ने कहा कि चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल एनएस राजा सुब्रमणि द्वारा अग्निवीरों को दो वर्ष का अतिरिक्त सेवा विस्तार देने की घोषणा सरकार की सकारात्मक सोच और सैनिकों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण को दर्शाती है। इस फैसले के तहत पहले चार वर्ष की सेवा पूरी करने वाले 75 प्रतिशत अग्निवीरों को अपनी सहमति से दो वर्ष अतिरिक्त सेना में सेवा करने का अवसर मिलेगा। इस दौरान उन्हें बढ़ी हुई सैलरी और भत्तों का लाभ भी प्राप्त होगा। वहीं, 25 प्रतिशत अग्निवीरों को मेरिट के आधार पर नियमित सेना में शामिल करने की मौजूदा व्यवस्था भी जारी रहेगी। सुरेश यादव ने कहा कि छह वर्ष की सेवा पूरी करने के बाद भी सेना में आगे नौकरी करने के इच्छुक अग्निवीरों को चयन प्रक्रिया के माध्यम से अवसर मिल सकेगा। इससे युवाओं को सैन्य प्रशिक्षण,



अनुशासन, तकनीकी दक्षता और व्यावहारिक अनुभव हासिल करने के लिए अधिक समय मिलेगा। साथ ही देश की रक्षा में उनके योगदान और समर्पण को भी नई मजबूती मिलेगी। सुरेश यादव ने कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि अग्निवीर योजना को लेकर विपक्ष ने लगातार भ्रम फैलाने और युवाओं को गुमराह करने का प्रयास किया। विपक्ष ने इस योजना के हर सकारात्मक पहलू पर सवाल खड़े किए, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने समय-समय पर आवश्यक सुधारों और युवाओं के हित में लिए जा रहे फैसलों से अपनी प्रतिबद्धता साबित की है। अग्निवीरों को दो वर्ष का अतिरिक्त सेवा अवसर देना विपक्ष के नकारात्मक प्रचार का करारा जवाब है।उन्होंने कहा कि भारतीय सेना केवल रोजगार का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्रसेवा, त्याग, अनुशासन, समर्पण और देशभक्ति की सर्वोच्च भावना का प्रतीक है। अग्निवीर देश की सुरक्षा के लिए अपनी ऊर्जा समर्पित करने वाले ऐसे युवा हैं, जिनका योगदान सदैव सम्मान के योग्य है।

एनएचएआई ने सीवर लाइन के कारण धंसी सड़क को एक महीने पहले किया 90 लाख रुपए लगाकर रिपेयर, अब फिर धंसी

बिना बारिश सात बार धंस चुकी सड़क की रिपेयर पर खर्च हो चुके छह करोड़ रुपए से अधिक

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। गुरुग्राम में सोहना रोड सुभाष चौक अंडरपास के नजदीक से सड़क मरम्मत का पूरा होने के साथ ही फिर धंस गई। हालांकि सड़क मंगलवार शाम को धंसी थी, लेकिन बुधवार को करीब चार फीट परिधि का गड्ढा बन जाने से इसे बेरिकेट्स लगाकर घेर दिया गया। इससे पहले यहां से 7 मई 2026 सड़क धंसी थी, सीआईपीपी तकनीक से करीब 90 लाख रुपए की लागत से रिपेयर किया गया था, लेकिन एक महीने बाद ही सड़क धंसने से रिपेयर की गुणवत्ता पर भी सवाल उठ रहे हैं। यहां से पिछले चार साल में सातवीं बार सड़क धंसी है, जिस पर करीब छह करोड़ रुपए से अधिक खर्च किए जा चुके हैं। लेकिन स्थाई समाधान नहीं हो पाया है।

सीआईपीपी (क्योर-इन-प्लेस पाइप) तकनीक एक ऐसी 'ट्रेंचलेस' (बिना खुदाई वाली) विधि है, जिसका उपयोग सड़कों को खोदे बिना क्षतिग्रस्त भूमिगत पाइपों की मरम्मत के लिए किया जाता है। करीब पांच महीने पहले धंसी सड़क को रिपेयर करने के लिए पहले सीवर की पाइपलाइन को इसी विधि से रिपेयर किया गया था। अब फिर इसे रिपेयर करने के लिए एजेंसी को टेंडर दे दिया गया है। ओरिएंटल स्ट्रक्चर इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड इस सड़क को रिपेयर करने के लिए टेंडर जारी कर चुका है। जिसका खर्च एनएचएआई द्वारा दिया जाएगा। सर्विस रोड की ओर इस सीवर को शिफ्ट करने का निर्णय लिया गया था, लेकिन सर्विस रोड पर ट्रैफिक ज्यादा रहता है। यदि वहां से सड़क धंसी तो ट्रैफिक चलाने के लिए जगह नहीं बचेगी और रोड पूरी तरह बंद होने का खतरा रहेगा। जिससे इस 50 साल पुरानी मास्टर सीवर लाइन को सीआईपीपी तकनीकी से रिपेयर करने का फैसला लिया गया है। वहीं सर्विस रोड को यहां से चोड़ा करने के लिए एसडी आदर्श स्कूल की सात मीटर चौड़ी जमीन को अधिग्रहण के लिए एनएचएआई को प्रोपजल भेजा गया है।

कांग्रेस चौपालों में जाकर खोलेगी वोट चोरी के राज : पंकज डावर

कांग्रेस चौपालों में जाकर वोट चोरों पर करेगी चोट: पंकज डावर

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज



- चौपाल में जाकर जन-जन को बताएंगे वोट चोरी की सच्चाई: पंकज डावर
- चौपाल पर चर्चा में ग्रामीणों को देंगें वोट चोरी की जानकारी
- वोट बचाओ देश बचाओ अभियान के तहत कांग्रेस ने शुरू किया है चौपाल अभियान

गुरुग्राम। वोट बचाओ देश बचाओ अभियान के तहत कांग्रेस की ओर से अब चौपाल अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान के तहत कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता गांव-गांव जाएंगे। गांवों की चौपाल पर चारपाई पर बैठकर ग्रामीणों को वोट चोरी की पूरी जानकारी दी जाएगी। यह जानकारी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष (शहरी) पंकज डावर ने बुधवार को कांग्रेस कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में दी।

पंकज डावर ने कहा कि यह अभियान सिर्फ एक राजनीतिक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि लोकतंत्र को बचाने का आंदोलन है। कांग्रेस का हर कार्यकर्ता गांव की चौपाल तक पहुंचेगा और जनता को बताएगा कि किस तरह से वोटों में हेराफेरी करके लोकतंत्र की नींव को कमजोर किया जा रहा है। पंकज डावर ने बताया कि चौपाल अभियान का मकसद गांव के आम आदमी को जोडऩा है। शहरों में तो सोशल मीडिया और प्रेस के माध्यम से बात पहुंच जाती है, लेकिन गांवों में अभी भी लोगों को वोट चोरी के खेल के बारे में पूरी जानकारी नहीं है। इसलिए कांग्रेस ने तय किया है कि कार्यकर्ता सीधे गांव में जाएंगे। चौपाल में बैठेंगे। हुक्का-चाय पर चर्चा करेंगे और सरल भाषा में लोगों को समझाएंगे कि उनका वोट कैसे चुराया जा रहा है। पत्रकार वार्ता में पंकज डावर ने बीजेपी और चुनाव आयोग पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि देश में आज लोकतंत्र खतरे में है। सरकार अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए वोट चोरी का सहारा ले रही है। महंगाई, बेरोजगारी, सडक़ें, पानी, सीवर जैसी मूलभूत समस्याओं पर सरकार के पास कोई जवाब नहीं है। इसलिए वोटों के खेल से सत्ता हथियाई जा रही है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने वोट चोरी के जो सबूत देश के सामने रखे हैं, उससे बीजेपी बौखला गई है। लेकिन अब जनता जाग चुकी है। गांव का किसान, मजदूर, युवा सब समझ गया है कि उसका वोट ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है। अगर वोट ही चोरी हो गया तो उसकी आवाज कोई नहीं सुनेगा। हम उसी चौपाल पर बैठकर लोगों को बताएंगे कि वोटर लिस्ट में किस तरह से फर्जी नाम जोड़े जा रहे हैं, किस तरह से एक ही व्यक्ति के कई वोट बनाए जा रहे हैं और किस तरह से विपक्ष के वोट काटे जा रहे हैं।

पंकज डावर ने बताया कि कार्यकर्ता लोगों से वोटर लिस्ट की जांच करने की अपील करेंगे। उन्हें बताया जाएगा कि वह अपना नाम वोटर लिस्ट में जरूर चेक करें। अगर किसी का नाम कटा है या गलत है तो उसे तुरंत ठीक करवाएं। इस अभियान को लेकर कार्यकर्ताओं की पूरी तैयारी है। यह अभियान तब तक जारी रहेगा, जब तक हर गांव, हर ढाणी, हर मोहल्ले में वोट चोरी की सच्चाई नहीं पहुंच जाती। उन्होंने गुडग़ांव के लोगों से अपील की कि वह इस लोकतंत्र बचाओ अभियान में कांग्रेस का साथ दें। अपना वोट बचाएं और देश बचाएं।

चौपाल हमारी संस्कृति का प्रतीक : सुखबीर कटारिया

पूर्व मंत्री सुखबीर कटारिया ने कहा कि चौपाल हमारी संस्कृति है। हर बड़ी बात चौपाल पर ही तय होती रही है। इसलिए कांग्रेस चौपालों में जा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने विकास के नाम पर जनता को बरगलाने का काम किया है। हकीकत तो यह है कि भाजपा सिर्फ अपना विकास कर रही है। जनता के विकास और जनसमस्याओं के समाधान से भाजपा का कोई लेना-देना नहीं है। टूटी सडक़ों को बनाने के नाम पर पैचवर्क किया जाता है। उसकी क्वालिटी इतनी घटिया होती है कि सप्ताहभर में ही वह पैचवर्क उखड़ जाता है। सुखबीर कटारिया ने कहा कि गुडग़ांव कहीं पर भी जाकर यह हकीकत देखी जा सकती है। भाजपा सरकार में बने फ्लाईओवर कई-कई बार क्षतिग्रस्त हो चुके हैं, मगर किसी पर क्या एक्शन लिया गया, यह जनता को सरकार बताए। इस अवसर पर मेयर प्रत्याशी रहीं सीमा पाहुजा, सीमा हुड्डा, सूबे सिंह यादव, गजेंद्र चौहान, हरकेश प्रधान, जसविंदर बिसला, विकास हुड्डा, भोले गुज्जर सुशील सहरावत, कार्तिक गहलोत, पंकज मेहंदीरत्ता, राजीव यादव, दीपक दहिया, मास्टर महेंद्र सैन, सतीश सांगवान, अंकित यादव, जयपाल धनकर, जय सिंह हुड्डा, बलदेव राज अरोड़ा, सुनीता गाबा, मनोज आहूजा, जगदीश यादव, रमाकांत शर्मा, रमेश कुमार, रमेश सहरावत, उदयभान शर्मा, दयानंद कादयान, ललित चावरिया आदि मौजूद रहे।

प्रदूषण और गंदगी फैलाने वालों पर नगर निगम की सख्ती

12 दिनों में 397 चालान कर लगाया 26.35 लाख रुपये का जुर्माना

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। शहर में स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत बनाने और वायु प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए नगर निगम गुरुग्राम द्वारा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। निगम की विभिन्न प्रवर्तन टीमों ने 24 अक्टूबर से 4 नवंबर तक की अवधि में अलग-अलग उल्लंघनों के मामलों में कुल 397 चालान जारी करते हुए 26,35,500 रुपये का जुर्माना लगाया है। कार्रवाई में पॉलिथीन के इस्तेमाल, खुले में कचरा जलाने, निर्माण एवं विध्वंस (सीएंडडी) वेस्ट फैलाने, धूल नियंत्रण के नियमों की अवहेलना और कचरे की अनुचित डंपिंग जैसे मामले शामिल हैं। नगर निगम की ओर से जारी चालान रिपोर्ट के अनुसार, प्रतिबंधित पॉलिथीन के उपयोग के मामलों में सर्वाधिक 140 चालान किए गए और 1,05,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया। वहीं, धूल नियंत्रण से संबंधित निगमायुक्त के आदेशों का पालन नहीं करने पर 54 चालान जारी किए गए, जिनके माध्यम से 13,50,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया। यह कार्रवाई दर्शाती है कि निगम प्रशासन धूल प्रदूषण को नियंत्रित करने और निर्माण गतिविधियों में निर्धारित नियमों का पालन सुनिश्चित कराने को प्राथमिकता दे रहा है।

कचरा जलाने और सीएंडडी वेस्ट पर भी कार्रवाई: खुले में कचरा जलाने के मामलों में नगर निगम की टीमों ने 39 चालान करते हुए 1,95,000 रुपये का जुर्माना लगाया। निर्माण एवं विध्वंस (सीएंडडी) वेस्ट के नियमों का उल्लंघन करने पर 17 चालान जारी किए गए और 4,85,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया। इसके अतिरिक्त, बिना ढके निर्माण सामग्री अथवा अन्य सामग्री ले जाने वाले वाहनों के खिलाफ 15 चालान कर 75,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया। जल संरक्षण और स्वच्छता से जुड़े नियमों के उल्लंघन पर भी कार्रवाई की गई। पानी की बर्बादी के मामलों में 31 चालान कर 57,500 रुपये का जुर्माना लगाया गया, जबकि खुले में शौच के मामलों में 9 चालान जारी कर 4,500 रुपये का जुर्माना लगाया गया। सेप्टेज संबंधी उल्लंघन पर एक चालान के माध्यम से 25,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया।

कचरा प्रबंधन और नालों में अवैध कनेक्शन पर भी निगरानी

कचरा प्रबंधन के नियमों का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। कूड़ेदान उपलब्ध नहीं होने के मामलों में 67 चालान जारी किए गए और 33,500 रुपये का जुर्माना लगाया गया। बल्क वेस्ट के अनुचित तरीके से डालने के एक मामले में 25,000 रुपये तथा गैर-बल्क कचरा डालने और स्टॉर्म वाटर ड्रेन में अवैध कनेक्शन के 16 मामलों में कुल 1,60,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया। इसके अलावा, पशुओं के गोबर से संबंधित 3 चालान कर 15,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया। निर्माण कार्यों नियमों का पालन नहीं करने के एक मामले में 30,000 रुपये का चालान किया गया, जबकि धूल नियंत्रण संबंधी अन्य उल्लंघनों के 3 मामलों में 75,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया।

नियमों का पालन करें, शहर को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाने में सहयोग दें : निगमायुक्त

नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त प्रदीप दहिया ने कहा कि शहर में प्रदूषण नियंत्रण और स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए निगम द्वारा लगातार निगरानी और प्रवर्तन कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि खुले में कचरा जलाना, निर्माण सामग्री को बिना ढके ले जाना, सीएंडडी वेस्ट का अनुचित निस्तारण और धूल नियंत्रण संबंधी निर्देशों की अवहेलना जैसे मामलों को गंभीरता से लिया जा रहा है। प्रदूषण नियंत्रण और स्वच्छता केवल नगर निगम की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक और संस्थान की सामूहिक जिम्मेदारी है। सभी नागरिकों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों, निर्माण एजेंसियों और ठेकेदारों से अपील है कि वे निर्धारित नियमों का पालन करें। खुले में कचरा न जलाएं, कचरे का उचित निस्तारण करें, निर्माण सामग्री को ढककर रखें और धूल नियंत्रण के सभी उपाय अपनाएं। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। हमारा उद्देश्य केवल चालान करना नहीं, बल्कि गुरुग्राम को स्वच्छ, सुंदर और प्रदूषण मुक्त बनाना है।

सड़क पर अनुशासन और सुरक्षित सफर की पहल को नई गति दे रहा गुरुग्राम यातायात पुलिस का सुरक्षा रथ

तीन प्रमुख स्थानों पर 100 लोगों तक पहुंचाया सड़क सुरक्षा का संदेश

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। सड़क सुरक्षा केवल नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई तक सीमित नहीं है, बल्कि लोगों की सोच और वाहन चलाने के व्यवहार में सकारात्मक बदलाव लाना भी इसका महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसी उद्देश्य से गुरुग्राम यातायात पुलिस द्वारा सुरक्षा रथ के माध्यम से शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में निरंतर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस पहल के तहत आज अग्रवाल धर्मशाला चौक, सदर बाजार एवं सिरहौल टोल पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर लगभग 100 वाहन चालकों एवं आम नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रमों के दौरान वाहन चालकों को गलत दिशा में वाहन चलाने, निर्धारित लेन का उल्लंघन करने और अनधिकृत स्थानों पर पार्किंग करने से होने वाली परेशानियों एवं दुर्घटनाओं के जोखिम के बारे में जानकारी दी गई। उन्हें समझाया गया कि सड़क पर जल्दबाजी और नियमों की अनदेखी से न केवल यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है, बल्कि दूसरे लोगों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ती है। इसके साथ ही ऑटो, टैक्सी एवं ई-रिक्शा चालकों को विशेष रूप से जागरूक करते हुए हाईवे पर सर्विस लेन तथा अन्य सड़कों पर बाईं ओर की लेन में वाहन चलाने के लिए प्रेरित किया गया। उन्हें यातायात के सुचारु संचालन में सहयोग देने और सड़क पर अन्य वाहन चालकों एवं राहगीरों की सुविधा का ध्यान रखने का संदेश भी दिया गया। गुरुग्राम यातायात पुलिस द्वारा सुरक्षा रथ के माध्यम से चलाया जा रहा यह अभियान शहर के विभिन्न क्षेत्रों में आमजन तक सड़क सुरक्षा का संदेश पहुंचाने का निरंतर प्रयास है। यातायात पुलिस का मानना है कि जब प्रत्येक वाहन चालक नियमों का पालन अपनी जिम्मेदारी समझकर करेगा, तभी सड़कों पर सुरक्षित और व्यवस्थित यातायात का माहौल बन सकेगा। इस दिशा में जागरूकता अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

सख्त निर्देशों के साथ 7 और 8 नवंबर को ग्रीन पटाखे जलाने की अनुमति : डीसी उत्तम सिंह

सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार एनसीआर में नीरी से प्रमाणित हरित पटाखों की ही निर्धारित समय में हो सकेगी बिक्री

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। सुप्रीम कोर्ट के सख्त दिशा-निर्देशों के साथ एनसीआर, जिसमें गुरुग्राम जिला भी शामिल है, में दिवाली पर्व के उपलक्ष्य में केवल ग्रीन पटाखों की बिक्री और चलाने की अनुमति प्रदान की गई है। यह जानकारी देते हुए डीसी उत्तम सिंह ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट की ओर से जारी निर्देशों के अनुसार नीरी (एनईईआरआई) की वेबसाइट से प्रमाणित हरित पटाखों की बिक्री की अनुमति दी गई है। वहीं, ग्रीन पटाखों की बिक्री के लिए व्यापारियों के लाइसेंस 4 नवंबर से 6 नवंबर 2026 तक अस्थायी रूप से बहाल किए गए हैं। जारी आदेशों के अनुसार, नागरिक 7 और 8 नवंबर 2026 को सुबह 6 बजे से 7 बजे तक तथा रात 8 बजे से 10 बजे तक ही ग्रीन पटाखे जला सकेंगे। 9 नवंबर से पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध पुन: लागू हो जाएगा। इसकी निगरानी के लिए जिला और खंड स्तर पर टीमें भी गठित की गई हैं। उन्होंने बताया कि अस्पतालों, नर्सिंग होम, प्राथमिक एवं जिला स्वास्थ्य केंद्रों, वृद्धाश्रमों तथा अधिसूचित साइलेंस जोन के 300 मीटर के दायरे में पटाखे चलाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। यही प्रतिबंध शिक्षण संस्थानों पर भी लागू होगा। उन्होंने कहा कि इन निर्देशों का उद्देश्य बीमारियों से पीड़ित लोगों, बुजुर्गों, बच्चों और अन्य संवेदनशील नागरिकों को ध्वनि एवं वायु प्रदूषण से होने वाली परेशानी से बचाना है।

डीसी उत्तम सिंह ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुसार



इन उत्पादों की बिक्री पूरे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में केवल निर्दिष्ट स्थानों से ही की जा सकेगी, जिन्हें जिला कलेक्टर/आयुक्त द्वारा पुलिस अधीक्षक के परामर्श से चिन्हित किया जाएगा और व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। पुलिस अधिकारी, जिला प्रशासन के परामर्श से बिक्री के निर्दिष्ट स्थानों पर निगरानी रखने के लिए गश्ती दल गठित करेंगे, जिनमें राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों के क्षेत्रीय कार्यालयों से नामित अधिकारी भी शामिल होंगे। गठित दल नीरी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए हरित पटाखा उत्पादों और दिए गए पंजीकरणों के साथ व्यक्तिगत निर्माताओं को जारी किए गए क्यूआर कोड की जांच करेंगे। टीम द्वारा जांच के लिए इन पटाखा उत्पादों के नमूने भी लिए जाएंगे, जिन्हें पीईएसओ को भेजा जाएगा। उल्लंघन पाए जाने पर प्रतिबंधित उत्पादों के निर्माण या बिक्री में शामिल लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही पीईएसओ या नीरी से उनका लाइसेंस/पंजीकरण भी रद्द किया जा सकता है।

जिला कारागार भोंडसी में आयोजित हुई जेल लोक अदालत

विचाराधीन बंदियों को विधिक सहायता, नि:शुल्क अधिवक्ता और कानूनी अधिकारों की दी जानकारी



ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा-निर्देशानुसार तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष नरेंद्र सुरा के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गुरुग्राम की ओर से जिला कारागार भोंडसी में जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव निशा ने कारागार का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि जेल लोक अदालत का उद्देश्य विचाराधीन बंदियों के मामलों का शीघ्र निपटारा करना है, ताकि उन्हें कानूनी प्रक्रिया के तहत राहत मिल सके। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव निशा ने बंदियों को विधिक सहायता, नि:शुल्क अधिवक्ता की सुविधा और उनके कानूनी अधिकारों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने जेल में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित लीगल एड क्लिनिक का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि बंदी एक साधारण प्रार्थना-पत्र के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से नि:शुल्क अधिवक्ता की सेवाएं प्राप्त कर सकते हैं। इस दौरान उन्होंने जेल प्रशासन को बंदियों की परिवार से मुलाकात, महिला बंदियों की समस्याओं, चिकित्सीय सुविधाओं, साक्षरता, खेलकूद, स्वच्छता, रहन-सहन और खान-पान सहित अन्य व्यवस्थाओं का ध्यान रखने के निर्देश दिए।

निशा ने बताया कि आपातकालीन राष्ट्रीय कानूनी सहायता हेल्पलाइन नंबर 15100 पर कॉल करके घर बैठे नि:शुल्क कानूनी सहायता प्राप्त की जा सकती है। इस अवसर पर जेल अधीक्षक विकास कौशिक, उप अधीक्षक अनिल, जेल स्टाफ, पैनल अधिवक्ता तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से जुड़े अन्य अधिकारी एवं अधिवक्ता अभिमन्यु मौजूद रहे।

गुरुग्राम के रोटरी ब्लड, थैलेसीमिया और डायलिसिस सेंटर में बड़े उत्साह के साथ मनाई गई दिवाली

"हम सभी के लिए उम्मीद और देखभाल की रोशनी फैलाना जारी रखेंगे," अध्यक्ष डॉ. मुकेश शर्मा ने कहा

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। गुरुग्राम स्थित रोटरी ब्लड, थैलेसीमिया और डायलिसिस सेंटर में रोशनी का त्योहार 'दिवाली' बड़े उत्साह, गर्मजोशी और उत्सव के माहौल के साथ मनाया गया। इस आयोजन को 'रोटरी क्लब ऑफ गुड़गांव साउथ सिटी कम्युनिटी सर्विसेज सोसाइटी' द्वारा आयोजित किया गया था, जिसमें रोटेरियन, विशिष्ट अतिथि, प्रबंधन टीम और स्टाफ के सदस्य शामिल हुए।

इस कार्यक्रम का नेतृत्व 'रोटरी क्लब ऑफ गुड़गांव साउथ सिटी कम्युनिटी सर्विसेज सोसाइटी' के अध्यक्ष डॉ. मुकेश शर्मा ने किया। इस अवसर पर रोटेरियन मुनीश खुल्लर (महासचिव), अजय भूषण सांकवलका (कोषाध्यक्ष), पवन कुमार सपरा (संयुक्त सचिव), कंवल सिंह यादव, बी.डी. पाहुजा, संजीव अग्रवाल, विनय शंकर, ऋषि मुनि भारद्वाज, वेद गुलाटी, एडवोकेट जे.एस. मरहट्टा और एडवोकेट नवीन गुप्ता भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में 'ब्राह्मण समाज ऑफ नॉर्थ अमेरिका' के अध्यक्ष श्री प्रवीण शर्मा और 'ब्राह्मण समाज ऑफ इंडिया' के महासचिव श्री उत्तम तिवारी की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए, डॉ. मुकेश शर्मा ने पूरी टीम के समर्पण, प्रतिबद्धता और अथक प्रयासों की सराहना की। इन्हीं प्रयासों की बदौलत 'रोटरी ब्लड सेंटर गुरुग्राम' भारत के प्रमुख चैरिटेबल (धर्मार्थ) ब्लड सेंटर के रूप में स्थापित हो पाया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यहाँ 100% इन-हाउस NAT-टेस्टेड (NAT-परीक्षित) रक्त और रक्त घटक उपलब्ध कराए जाते हैं, जिससे मरीजों के लिए ट्रांसफ्यूजन (रक्त चढ़ाने की प्रक्रिया) की सुरक्षा और गुणवत्ता के उच्च मानक सुनिश्चित होते हैं।

उन्होंने सोसाइटी की मानवीय पहलों के बारे में भी बात की, विशेष रूप से 'रोटरी थैलेसीमिया सेंटर' के बारे में, जो थैलेसीमिया से पीड़ित 168 पंजीकृत मरीजों को पूरी तरह से मुफ्त इलाज और व्यापक देखभाल प्रदान करता है। उन्होंने 'रोटरी डायलिसिस सेंटर' की सेवाओं का भी जिक्र किया, जहाँ क्रोनिक किडनी रोग (गुर्दे की गंभीर बीमारी) से पीड़ित मरीजों को बिल्कुल मुफ्त में हीमोडायलिसिस की सुविधा दी जाती है, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को बहुत बड़ी राहत मिलती है। भविष्य की ओर देखते हुए, डॉ. शर्मा ने उम्मीद जताई कि प्रस्तावित 'रोटरी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज' (RIMS) पर काम अगली दिवाली से पहले शुरू हो जाएगा। एक बड़े धर्मार्थ चिकित्सा संस्थान के रूप में परिकल्पित, RIMS का उद्देश्य गुरुग्राम और आसपास के जिलों के गरीब और जरूरतमंद मरीजों तक गुणवत्तापूर्ण और किफायती स्वास्थ्य सेवाएं पहुँचाना है। दिवाली की बधाई देते हुए, महासचिव रोटेरियन मुनीश खुल्लर और संयुक्त सचिव रोटेरियन पवन सपरा ने सभी स्टाफ सदस्यों और साथी रोटेरियनों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दीं। यह आयोजन सेवा, करुणा और मानवता के प्रति रोटरी की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस अवसर का संदेश स्पष्ट था: जहाँ दिवाली अंधकार पर प्रकाश की जीत का प्रतीक है, वहीं 'रोटरी ब्लड, थैलेसीमिया एंड डायलिसिस सेंटर' अनगिनत मरीजों और उनके परिवारों के जीवन में आशा, स्वास्थ्य और खुशियों का प्रकाश लाने के लिए प्रतिबद्ध है।

ग्रीन स्कूल एवं कार्बन न्यूट्रल स्कूल की दिशा में जिला नूंह की अनूठी पहल : सुरेंद्र बजाड़

जापान के टीचर्स एक्सचेंज प्रोग्राम से लौटे डॉ. पवन यादव ने शिक्षकों के साथ साझा किए अनुभव, पर्यावरण संरक्षण और आधुनिक शिक्षण पद्धतियों पर हुआ मंथन

ओपन सर्च/ आस मोहम्मद



नूंह। जिला नूंह में ग्रीन स्कूल एवं कार्बन न्यूट्रल स्कूल की अवधारणा को साकार करने की दिशा में एक अनूठी पहल के तहत लघु सचिवालय के तृतीय तल स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में जापान टीचर्स एक्सचेंज प्रोग्राम में भागीदारी करके लौटे डॉ. पवन यादव के सम्मान में स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर ग्रीन स्कूलों के शिक्षकों एवं इको क्लब इंचार्ज द्वारा डॉ. पवन यादव को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी सुरेंद्र बजाड़ उपस्थित रहे। इसके अलावा जिला एफएलएन कोऑर्डिनेटर कुसुम मलिक, पीरामल फाउंडेशन के सीनियर प्रोग्राम मैनेजर नरेंद्र शर्मा, चंदन वर्मा, अब्दुल कादिर तथा जिले के 20 ग्रीन स्कूलों के प्राध्यापकों एवं इको क्लब इंचार्ज ने भाग लिया। इस अवसर पर डॉ. पवन यादव ने बताया कि जापान टीचर्स एक्सचेंज प्रोग्राम में भागीदारी का अवसर मिलने और इस उपलब्धि को साकार करने में शिक्षा विभाग नूंह, कुसुम मलिक तथा पीरामल फाउंडेशन की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने जापान के विद्यालयों में देखी गई अच्छी शैक्षणिक एवं पर्यावरण संरक्षण संबंधी प्रथाओं को साझा करते हुए बताया कि ग्रीन स्कूल की पहल को केवल विद्यालयों के हरित स्वरूप या प्रमाणन तक सीमित न रखते हुए विद्यार्थियों के व्यवहार, शिक्षण पद्धति और विद्यालयी संस्कृति में स्थायी बदलाव का माध्यम बनाना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि जापान के विद्यालयों में विद्यार्थी विद्यालय की स्वच्छता, भोजन वितरण, भोजन के बाद सफाई और कचरे के पृथक्करण जैसी जिम्मेदारियों में सक्रिय भूमिका निभाते हैं। शिक्षक भी विद्यार्थियों के साथ भोजन करते हैं तथा कृतज्ञता, सम्मान, सहयोग और संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग को दैनिक व्यवहार का हिस्सा बनाया जाता है। बच्चों को विश्वास के साथ जिम्मेदारी सौंपने से उनमें सामूहिक रूप से विद्यालय की समस्याओं का समाधान करने की भावना विकसित होती है। शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया के संबंध में उन्होंने वर्कशीट आधारित गतिविधियों, सहपाठी शिक्षण (पीयर लर्निंग), सहपाठी मूल्यांकन (पीयर असेसमेंट), समूह चर्चा और छोटे क्विज के प्रभावी उपयोग पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बेहतर शिक्षण के लिए हमेशा महंगे उपकरणों या अत्यधिक तकनीक की आवश्यकता नहीं होती, बल्कि शिक्षक की तैयारी, समय प्रबंधन, विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी और उपलब्ध संसाधनों का सार्थक उपयोग अधिक महत्वपूर्ण है। बैठक में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों (सीडब्ल्यूएसएन) तथा सीखने में अतिरिक्त सहयोग की आवश्यकता वाले विद्यार्थियों के लिए छोटे समूहों, सहपाठी सहयोग, नियमित अवलोकन और बहुविषयक सहयोगी टीम की भूमिका पर भी चर्चा की गई। विद्यालयों को प्रत्येक बच्चे की सीखने की जरूरत को समझते हुए व्यक्तिगत सहयोग, मार्गदर्शन और प्रगति की नियमित समीक्षा सुनिश्चित करने का सुझाव दिया गया। ग्रीन स्कूल पहल के तहत पर्यावरण शिक्षा को पाठ्यचर्या का अभिन्न हिस्सा बनाने, सेंटर फॉर एनवायरनमेंट एजुकेशन के ग्रीन स्कूल कार्यक्रम के अंतर्गत संसाधन ऑडिट तथा उपलब्ध गतिविधि पुस्तिकाओं एवं डिजिटल संसाधनों का उपयोग करने पर बल दिया गया। साथ ही जल संरक्षण, ऊर्जा बचत, अपशिष्ट प्रबंधन और हरित क्षेत्रों के विकास जैसे विषयों पर विद्यार्थियों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने की आवश्यकता बताई गई। इस पहल का व्यापक उद्देश्य कार्बन न्यूट्रल स्कूलों की दिशा में आगे बढ़ना और बच्चों को जलवायु परिवर्तन के प्रति जागरूक एवं जिम्मेदार वैश्विक नागरिक बनाना है। इको क्लब और अन्य विद्यालयी क्लबों में सभी विद्यार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित करने का सुझाव भी दिया गया। इस दौरान जॉयफुल सैटरडे को क्लब आधारित गतिविधियों, कौशल विकास, परियोजना कार्य और विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों के लिए उपयोग करने पर विचार-विमर्श हुआ।

विद्यालयों से आग्रह किया गया कि क्लब गतिविधियां केवल चुनिंदा विद्यार्थियों तक सीमित न रहें, बल्कि प्रत्येक विद्यार्थी को किसी न किसी क्लब से जोड़ा जाए। बैठक में जापान के विद्यालयों के साथ ऑनलाइन संवाद, शिक्षक एवं विद्यार्थी आदान-प्रदान तथा स्कूल-टू-स्कूल सहयोग की संभावनाओं पर भी चर्चा हुई।

शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होता, उसके दिए संस्कार जीवनभर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हैं : सुरेंद्र राठी



ओपन सर्च / मनदीप कुमार

समालखा। राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ हरियाणा, जिला पानीपत के खंड समालखा की ओर से बुधवार को राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय, भापरा में सेवानिवृत्त जेबीटी अध्यापक जगबीर सिंह के सम्मान में भव्य समारोह आयोजित किया गया। समारोह में शिक्षक संघ के पदाधिकारियों एवं अध्यापक साथियों ने उन्हें स्मृति चिह्न और सम्मान भेंट कर शिक्षा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान को सराहा तथा उनके स्वस्थ एवं सुखद भविष्य की कामना की। समारोह को संबोधित करते हुए राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ हरियाणा के जिला संस्थापक सुरेंद्र राठी एवं जिला प्रधान रविंद्र कुमार ने कहा कि प्रत्येक शिक्षक का नैतिक दायित्व है कि वह विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के साथ उन्हें अच्छे संस्कार और सकारात्मक सोच प्रदान करे। जब बच्चे शिक्षित और संस्कारवान बनेंगे, तभी समाज और राष्ट्र भी प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि अध्यापक जगबीर सिंह ने शिक्षा विभाग में अपनी वर्षों की सेवाओं के दौरान कर्तव्यनिष्ठा, समर्पण और मेहनत के साथ जिम्मेदारियों का निर्वहन किया।

विद्यार्थियों के जीवन को बेहतर बनाने में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि शिक्षक का जीवन समाज और राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित होता है। शिक्षक भले ही सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त हो जाए, लेकिन उसके द्वारा दिए गए ज्ञान, संस्कार और शिक्षा का प्रभाव विद्यार्थियों के जीवन में हमेशा बना रहता है। इस दौरान उपस्थित शिक्षकों ने जगबीर सिंह के साथ बिताए गए यादगार पलों और अपने अनुभवों को साझा किया। सम्मान पाकर जगबीर सिंह भावुक नजर आए। कार्यक्रम का माहौल आत्मीयता, सम्मान और अपनत्व से सराबोर रहा। इस अवसर पर खंड प्रधान राकेश कुमार, पूर्व खंड प्रधान राजेंद्र कुमार, जितेंद्र कुमार, पवन, हरिओम, गुलशन गुलाब, राजेंद्र कुमार, सतीश कुमार, प्रेम हुसैन, राजेश कुमार सहित अनेक शिक्षक एवं गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

जिला प्रमुख जान मोहम्मद ने खोर बसई के कन्या विद्यालय में टिंकर कोडिंग लैब का किया भव्य उद्घाटन, ही सशक्त समाज की नींव - जान मोहम्मद*

ओपन सर्च/ आस मोहम्मद



नूंह। बुधवार को जिला प्रमुख जान मोहम्मद ने राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, खोर बसई (नूंह) में एस आर एफ फाउंडेशन द्वारा स्थापित टिंकर कोडिंग लैब के भव्य उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचकर टिंकर कोडिंग लैब का उद्घाटन किया और लोगों को संबोधित किया। इस अवसर पर लैब का उद्घाटन कर उन्होंने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि आधुनिक युग में रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), कोडिंग एवं डिजिटल तकनीक शिक्षा के नए आयाम खोल रही हैं। ऐसे प्रयास ग्रामीण क्षेत्र की बेटियों को नई तकनीकों से जोड़ने, उनकी प्रतिभा निखारने और उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने में मील का पत्थर साबित होंगे।

बेटियों को तकनीक से जोड़ना ही सशक्त समाज की नींव - जान मोहम्मद

जिला प्रमुख जान मोहम्मद ने कहा कि *मेरा मानना है कि बेटियों को बेहतर शिक्षा और आधुनिक तकनीक से जोड़ना ही सशक्त एवं विकसित समाज की मजबूत नींव है। उन्होंने इस सराहनीय पहल के लिए SRF Foundation, विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों एवं समस्त सहयोगियों को बधाई दी। जिला प्रमुख जान मोहम्मद ने कहा कि इस टिंकर कोडिंग लैब के शुरू होने से अब खोर बसई और आसपास के गांवों की बेटियों को भी शहरों जैसी आधुनिक शिक्षा अपने ही स्कूल में मिल सकेगी। पहले जहां ग्रामीण क्षेत्र की छात्राएं रोबोटिक्स और कोडिंग जैसे विषयों से सिर्फ किताबों में ही परिचित होती थीं, वहीं अब वे खुद प्रैक्टिकल करके, मॉडल बनाकर और नई-नई तकनीक को हाथों से सीखकर अपने हुनर को निखार सकेंगी। इससे उनमें आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे आगे चलकर इंजीनियरिंग, आईटी, विज्ञान और डिजिटल क्षेत्र में अपना भविष्य बना सकेंगी। यह लैब बेटियों को सिर्फ पढ़ाई तक सीमित नहीं रखेगी, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और विकसित भारत के संकल्प-2047 की सशक्त भागीदार बनाएगी।

वोट चोर-गद्दी छोड़ के बाद अब गांव-गांव चौपाल लगाएगी कांग्रेस, आज से चहलका से होगी शुरुआत : शहीदा खान

इरशाद चेयरमैन और ब्लाक अध्यक्ष मुबारिक मलिक सहित अन्य कांग्रेस नेता रहे मौजूद

ओपन सर्च/ आस मोहम्मद



नूंह। नूंह जिले के कस्बा पिनगवां में जिला कांग्रेस द्वारा पुनहाना विधानसभा से कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी रहे हाजी अख्तर हुसैन काटपुरी के निवास स्थान पर एक प्रेसवार्ता आयोजित की गई। प्रेसवार्ता में मुख्य रूप से कांग्रेस के जिला अध्यक्ष शहीदा खान, पुनहाना विधानसभा से कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी रहे चौधरी अख्तर हुसैन काटपुरी, कांग्रेस के युवा नेता और पुनहाना पंचायत समिति के चेयरमैन इरशाद खान और पिनगवां ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मुबारिक मलिक ने पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। पत्रकारों से बातचीत करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष शहीदा खान ने कहा कि 5 नवंबर से 25 नवंबर तक नूंह जिले के गांव-गांव में चौपाल कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय कांग्रेस द्वारा लिया गया है। जिसकी शुरुआत नूंह जिले के तावडू खंड के गांव चहलका से 5 नवंबर को की जाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के 'वोट चोर, गद्दी छोड़, वोट बचाओ-देश बचाओ' अभियान के बाद चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिला अध्यक्ष शहीदा खान ने कहा कि इन कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि राजबीर सिंह फर्टिया विधायक रहेंगे, जबकि कार्यक्रमों की अध्यक्षता चौधरी शहीदा खान, पूर्व विधायक एवं जिलाध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमेटी नूंह करेंगे।

गांव-गांव जाकर वोट चोरी का मुद्दा उठाएगी कांग्रेस - हाजी अख्तर हुसैन

इस दौरान कांग्रेस के पुनहाना से पूर्व प्रत्याशी रहे हाजी अख्तर हुसैन काटपुरी ने कहा कि इस अभियान के तहत कांग्रेस कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर चौपालों के माध्यम से आम जनता को कथित वोट चोरी के मुद्दे से अवगत कराएंगे। साथ ही *SIR (विशेष गहन पुनरीक्षण)* प्रक्रिया की आड़ में मतदाता सूची से कथित तौर पर वोट काटे जाने के मामलों को भी जनता के सामने उठाया जाएगा।

मताधिकार के प्रति जागरूक करना उद्देश्य - इरशाद खान

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता इरशाद खान ने कहा कि जिला कांग्रेस कमेटी का उद्देश्य प्रत्येक गांव तक पहुंचकर लोगों को उनके लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक मताधिकार के प्रति जागरूक करना तथा मतदाता सूची में किसी भी प्रकार की अनियमितता के खिलाफ आवाज बुलंद करना है।

रेलवे ट्रैक पर मिला व्यक्ति का शव, बुलंदशहर निवासी बलविंदर के रूप में हुई पहचान



ओपन सर्च/ मनदीप कुमार

समालखा। समालखा रेलवे पुलिस चौकी के अंतर्गत रेलवे ट्रैक पर बुधवार सुबह एक व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। रेलवे चौकी इंचार्ज जसबीर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार सुबह पुलिस को रेलवे ट्रैक पर एक शव पड़े होने की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आसपास के क्षेत्र में पूछताछ कर मृतक की पहचान के प्रयास किए। मृतक की पहचान बलविंदर पुत्र मूलचंद निवासी बुलंदशहर, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पोस्टमार्टम के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। रेलवे पुलिस मामले में नियमानुसार कार्रवाई कर रही है।

कोसली मार्केट कमेटी के चेयरमैन महेश यादव ने स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव से की मुलाकात, दीपावली की दी शुभकामनाएं



ओपन सर्च/ आस मोहम्मद

कोसली। कोसली मार्केट कमेटी के चेयरमैन महेश यादव ने आज चंडीगढ़ निवास पर हरियाणा प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने आरती सिंह राव को दीपावली के पावन पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। महेश यादव ने कहा कि आरती सिंह राव उनके लिए बड़ी बहन के समान हैं। उनसे मुलाकात कर दीपावली की शुभकामनाएं देना उनके लिए खुशी का विषय रहा। उन्होंने ईश्वर से उनके उत्तम स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि एवं दीर्घायु की कामना की। इस अवसर पर महेश यादव ने आत्मीय भाव से कहा कि आरती सिंह राव जी के साथ उनका रिश्ता बड़ी बहन और भाई जैसा है।

कांग्रेस की महारैली रोकने के लिए सरकार ने पुलिस का किया दुरुपयोग : कमल दिवान

ओपन सर्च/ मनदीप कुमारा



सोनीपत। कांग्रेस की 1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित महारैली को लेकर प्रदेश सरकार पर कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन का इस्तेमाल करने का आरोप लगा है। कांग्रेस के शहरी जिलाध्यक्ष कमल दिवान ने कहा कि महारैली में उमड़ने वाली भीड़ से घबराकर सरकार ने दिल्ली जाने वाले रास्तों पर बैरिकेडिंग कर कार्यकर्ताओं के वाहनों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई की और उन्हें रैली में पहुंचने से रोकने का प्रयास किया। कमल दिवान ने आरोप लगाया कि 1 नवंबर को मुरथल, सेक्टर-7 चौक सहित दिल्ली की ओर जाने वाले कई प्रमुख मार्गों पर पुलिस ने नाकेबंदी की थी। बसों और निजी वाहनों को घंटों तक रोके रखा गया तथा बड़ी संख्या में चालान काटे गए। उन्होंने कहा कि बसों में सवार महिलाओं और कांग्रेस कार्यकर्ताओं को भी काफी देर तक सड़क किनारे इंतजार करना पड़ा। जिलाध्यक्ष ने सवाल उठाया कि यदि पुलिस की कार्रवाई यातायात नियमों के तहत की गई थी तो अब तक चालान और कार्रवाई का आधिकारिक ब्योरा सार्वजनिक क्यों नहीं किया गया? उन्होंने कहा कि रैली के दिन वाहनों पर बड़े स्तर पर कार्रवाई हुई, जबकि इसके बाद ऐसी कार्रवाई लगभग बंद हो गई। इससे सरकार की मंशा पर सवाल खड़े होते हैं। कमल दिवान ने आरोप लगाया कि सरकार विपक्ष की एकजुटता और जनसमर्थन से घबराकर पुलिस प्रशासन के माध्यम से राजनीतिक गतिविधियों को प्रभावित करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखना और राजनीतिक कार्यक्रमों में शामिल होना प्रत्येक नागरिक का अधिकार है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुलिस की कथित कार्रवाई और दबाव के बावजूद कांग्रेस कार्यकर्ता पीछे हटने वाले नहीं हैं। जनहित के मुद्दों को लेकर पार्टी का संघर्ष आगे भी जारी रहेगा।

कार्तिक मास की कथा में सुनाया भगवान विष्णु की लीलाओं का प्रसंग

ओपन सर्च/ वेद बहल



झज्जर। सिद्ध बाबा कांशीगिरि जी महाराज मन्दिर के प्रांगण में महिला संकीर्तन मंडली के तत्वावधान में चल रही द्वितीय कार्तिक मास की कथा में कथा वाचक पंडित पवन कौशिक ने जंलधर-वृंदा विवाह प्रसंग, भगवान विष्णु की लीलाओं तथा धर्म की रक्षा के लिए उनके द्वारा किए गए कार्यों का विस्तार से वर्णन किया। नगर पार्षद सुषमा गोसाई मौजूद रही।

इस अवसर पर महिला संकीर्तन मंडली की सदस्यों संतोष हंस, रोजी नारंग, संगीता वर्मा, शशी बहल, नीलम गाबा, सुषमा गोसाई, इंदू भूगड़ा सहित कीर्तन मंडली की सदस्यों ने राधा ढूंढ रही किसी ने मेरा श्याम देखा, श्याम देखा, घनश्याम देखा..कैसे मिलोगे दीना नाथ हमारे, कबहूँ मिलोगे चितचोर हमारे..भजनों की प्रस्तुति दी। कथा के विश्राम पर भगवान की आरती की गई और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर प्रधान सुधांशु हंस, प्रधान रमेश लखेरा समाज, अश्वनी अत्री, नारायणी सरदाना, अंजू वर्मा, विशन वधवा, उषा रंजन सहित अन्य मौजूद रहे।

जल गुणवत्ता की पाठशाला बनी जिला लैब, विद्यार्थियों ने सीखी पानी की शुद्धता जांचने की तकनीक

ओपन सर्च/ आस मोहम्मद



नूंह। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय फिरोजपुर नमक के विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के मंडल नंबर-1 कार्यालय परिसर स्थित जिला जल परीक्षण प्रयोगशाला का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने पानी की गुणवत्ता और उसकी शुद्धता जांचने की विभिन्न तकनीकों की जानकारी प्राप्त की। प्रयोगशाला में तैनात सहायक इरफान ने विद्यार्थियों को पानी की शुद्धता जांचने की विभिन्न प्रक्रियाओं से अवगत करवाया। उन्होंने पानी में पीएच (pH), टीडीएस (TDS), कठोरता, क्लोराइड, फ्लोराइड, नाइट्रेट तथा अन्य रासायनिक तत्वों की जांच के तरीकों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रयोगशाला में विभिन्न मानकों के आधार पर पानी की गुणवत्ता का परीक्षण किया जाता है, ताकि आमजन को सुरक्षित एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाया जा सके। इस अवसर पर उपमंडल अभियंता अजय कांगड़ा ने कहा कि विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक जानकारी देना भी बेहद जरूरी है। इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों में जल संरक्षण, स्वच्छ पेयजल और जल गुणवत्ता के प्रति वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित होता है। उन्होंने कहा कि पानी की गुणवत्ता की नियमित जांच जनस्वास्थ्य की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। जिला सलाहकार नरेंद्र भारद्वाज ने कहा कि जल ही जीवन का आधार है और प्रत्येक व्यक्ति को स्वच्छ पेयजल के महत्व तथा उसकी गुणवत्ता के मानकों की जानकारी होनी चाहिए। विद्यार्थियों को प्रयोगशाला में पानी की जांच की प्रक्रिया दिखाने का उद्देश्य उन्हें जल संरक्षण, जल गुणवत्ता और सुरक्षित पेयजल के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी इस जानकारी को अपने परिवार और समाज तक पहुंचाकर जनजागरूकता में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इस अवसर पर कनिष्ठ अभियंता शकील अहमद, मोहम्मद अबरार, बीआरसी मोहम्मद जैकम तथा लैब सहयोगी वाहिद भी उपस्थित रहे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक विजय कुमार व सम्पादक सतबीर भारद्वाज द्वारा ए.जी.एस. पब्लिकेशन्स एफ-23,सेक्टर-6, नोएडा-201301 उत्तर प्रदेश समुद्रित, गांव- बाबुपुर गुरुग्राम, हरियाणा- 122006 से प्रकाशित। सम्पादक : सतबीर भारद्वाज
RNI No. HARHIN/2023/86132 अखबार में प्रकाशित तथ्यों एवं लेखों से सम्पादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं, किसी भी कानूनी वाद विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय के अधीन होगा। मोबाइल : 9210092542, 9312643452
E-mail : opensearchnews@gmail.com

पांच नवंबर के आयोजन को लेकर भाजपा पदाधिकारियों के साथ किया मंथन : मेयर करनाल

महापौर बोलीं- गृह मंत्री का आगमन गौरव का अवसर, एकजुटता और जनभागीदारी से बनाएंगे आयोजन ऐतिहासिक; जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने भी किया आह्वान

ओपन सर्च / प्रदीप मैहता



करनाल। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के 5 नवंबर को करनाल आगमन पर प्रस्तावित 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा को लेकर भाजपा ने तैयारियां तेज कर दी हैं। आयोजन को भव्य स्वरूप देने और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से महापौर रेणु बाला गुप्ता ने भाजपा जिला कार्यालय 'कर्ण कमल' में संगठनात्मक बैठक की। बैठक में पदयात्रा की तैयारियों, आपसी समन्वय और विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से चर्चा करते हुए कार्यक्रम की सफलता के लिए रणनीति तय की गई। बैठक को संबोधित करते हुए महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का करनाल आगमन पूरे शहर के लिए गौरव और उत्साह का अवसर है। उनके स्वागत में आयोजित होने वाली पदयात्रा को ऐतिहासिक बनाने के लिए भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाए। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती उसकी एकजुटता और कार्यकर्ताओं की सक्रियता से ही दिखाई देती है। ऐसे महत्वपूर्ण आयोजन में प्रत्येक पदाधिकारी और कार्यकर्ता की भूमिका अहम है। महापौर ने कहा कि किसी भी बड़े आयोजन की सफलता के लिए बेहतर योजना, आपसी तालमेल और सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। सभी कार्यकर्ता अपनी-अपनी जिम्मेदारियों को गंभीरता से निभाएं और जनसंपर्क के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करें। उन्होंने विश्वास जताया कि करनाल के कार्यकर्ताओं का उत्साह, संगठन की शक्ति और जनता का सहयोग इस पदयात्रा को भव्य एवं यादगार बनाएगा। उन्होंने सभी से पूरी ऊर्जा के साथ तैयारियों में जुटने का आह्वान किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने कहा कि अमित शाह की पदयात्रा को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह है। संगठन की ओर से आयोजन को सफल बनाने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता आपसी समन्वय के साथ अपनी जिम्मेदारियां निभाएं तथा पदयात्रा में अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सक्रियता से कार्य करें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि कार्यकर्ताओं की एकजुटता और समर्पण से यह आयोजन सफल होगा। बैठक में जिला महामंत्री मानव पुरी, जिला सचिव मनमीत बावा, जिला सचिव विकास कथूरिया, कर्ण मंडल अध्यक्ष नवीन बत्रा, कुंजपुरा मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार एवं पार्षद मोनिक गर्ग सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

नगर निगम के एक्सईएन सुंदर श्योराण सस्पेंड, स्वीपिंग मशीनों के पुर्जे गायब मिलने पर हुई कार्रवाई

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। गुरुग्राम में स्वच्छता व्यवस्था और प्रशासनिक कार्यों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ शासन-प्रशासन ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। मुख्यमंत्री के कड़े आदेशों के बाद नगर निगम के कार्यकारी अभियंता (एक्सईएन) सुंदर श्योराण को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया गया है। यह कार्रवाई शहर की सफाई व्यवस्था से जुड़े उपकरणों के रखरखाव व हैंडओवर में भारी लापरवाही मिलने पर की गई है।

नगर निगम कमिश्नर प्रदीप दहिया ने तीन दिन पहले ही शहरी स्थानीय निकाय (यूएलबी) विभाग को एक्सईएन सुंदर श्योराण के खिलाफ चार्जशीट करने की औपचारिक सिफारिश भेजी थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री स्तर पर संज्ञान लिया गया और देर शाम उनके निलंबन के आदेश जारी कर दिए गए।

स्वीपिंग मशीनों के गायब मिले थे पुर्जे

यह पूरा मामला शहर में सफाई के लिए आई अत्याधुनिक स्वीपिंग मशीनों के उचित रखरखाव और उनके हैंडओवर से जुड़ा हुआ है। एक्सईएन सुंदर श्योराण द्वारा इन मशीनों का चार्ज और हैंडओवर सही तरीके से नहीं किया गया था। जब इसकी जमीनी स्तर पर जांच की गई तो चौंकाने वाले तथ्य सामने आए—इन मशीनों के कई महत्वपूर्ण पुर्जे तक गायब मिले थे। सफाई जैसे संवेदनशील और महत्वपूर्ण कार्य में इस तरह की प्रशासनिक लापरवाही और उपकरणों की सुपुर्दगी में कोताही को उच्च अधिकारियों ने बेहद गंभीरता से लिया है। प्रशासन का यह कड़ा संदेश है कि शहर की स्वच्छता और विकास कार्यों में बाधा डालने या सरकारी संपत्तियों की देखरेख में लापरवाही बरतने वाले किसी भी अधिकारी को बख्शा नहीं जाएगा।

दिव्य अनुभूति भवन में हर्षोल्लास से मनाई गई दिवाली

ओपन सर्च /प्रदीप मैहता



नीलोखेड़ी। प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, दिव्य अनुभूति भवन, नीलोखेड़ी में आज दिवाली का पर्व बहुत हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाई-बहनों ने भाग लिया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में *भ्राता अमरजीत धीमान जी, भ्राता सतीश जोशी जी तथा भ्राता नारायण दास वर्मा जी* ने भाग लिया। इस अवसर पर संस्था की संचालिका बी.के. संगीता बहन ने आए हुए सभी भाई-बहनों को दीपावली की बधाई दी और कहा कि हम घर की सफाई तो करते हैं, पर मन के विकारों की सफाई पर ध्यान नहीं देते।हमें मन से विकारों को साफ करना चाहिए, यही सच्ची दिवाली है। संगीता बहन यह भी कहा कि जब मिटेगा मन का अंधियारा तब चमकेगा जीवन हमारा। उन्होंने कहा जैसे एक बल्ब से दूसरा बल्ब जुड़कर लड़ी बन जाती है, वैसे ही हम आत्मा रूपी दीपक से दूसरों की ज्योति जगाते हैं। इस कार्यक्रम में भ्राता विवेक ने नृत्य द्वारा आए हुए भाई-बहनों को उमंग-उत्साह से भरपूर कर दिया और सभी का मन मोह लिया। इस कार्यक्रम में पत्रकार बंधुओं का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में पत्रकार भ्राता मुलख राज आहूजा जी, भ्राता पवन भाई, भ्राता सुरेश मिढ़ा जी, भ्राता दर्शन भाई तथा भ्राता धीरज भाई ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में भ्राता सतीश जोशी, भ्राता अमरजीत धीमान ने भाग लिया।

भ्राता अमरजीत धीमान तथा भ्राता सतीश जोशी ने आपने माउंट आबू के अनुभव आए हुए भाई बहनो से सांझा किया। संस्था की और से आये हुए विशेष मेहमानों को सौगात दिये गए। कार्यक्रम के अंत में सभी भाई-बहनों के लिए ब्रह्मा भोग का विशेष प्रबंध किया गया तथा।

जनता के वोट पर हमला बर्दाश्त नहीं, करनाल के गांव-गांव में गूंजेगी कांग्रेस की आवाज : पराग गाबा एवं राजेश वैद

ओपन सर्च /प्रदीप मैहता



करनाल। दिल्ली के रामलीला मैदान में 1 नवंबर को आयोजित 'वोट बचाओ–देश बचाओ' महारैली के बाद अब कांग्रेस पार्टी इस अभियान को गांव-गांव और बूथ स्तर तक लेकर जाएगी। इसी कड़ी में 3 से 25 नवंबर तक करनाल जिले में व्यापक स्तर पर 'वोट बचाओ–देश बचाओ' अभियान चलाया जाएगा। यह जानकारी जिला कांग्रेस कमेटी शहरी के जिलाध्यक्ष पराग गाबा और जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के जिलाध्यक्ष राजेश वैद ने संयुक्त रूप से दी। उन्होंने बताया कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में चलाए जा रहे इस अभियान को हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह और प्रदेश प्रभारी संजय दत्त के दिशा-निर्देशों के अनुसार आगे बढ़ाया जाएगा। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) ने दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अनिल चौधरी को इस अभियान का प्रभारी नियुक्त किया है, जबकि हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने अंबाला लोकसभा क्षेत्र के सांसद वरुण मुलाना को अभियान की जिम्मेदारी सौंपी है। पराग गाबा और राजेश वैद ने कहा कि लोकतंत्र में हर नागरिक का वोट उसका संवैधानिक अधिकार है। संविधान का अनुच्छेद 326 वयस्क मताधिकार की गारंटी देता है। लेकिन मतदाता सूचियों में कथित गड़बड़ियों, पात्र मतदाताओं के नाम काटे जाने और मतदाता सूची में पारदर्शिता की कमी को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। कांग्रेस पार्टी का उद्देश्य प्रत्येक पात्र नागरिक के मतदान के अधिकार की रक्षा करना और मतदाता सूची में पारदर्शिता सुनिश्चित करवाना है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के माध्यम से कांग्रेस कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर मतदाता सूचियों की जांच करेंगे और जिन लोगों के नाम गलत तरीके से काटे गए हैं या जिनकी जानकारी में कोई त्रुटि है, उनकी शिकायतें संबंधित दस्तावेजों सहित एकत्रित करेंगे। अभियान के तहत कांग्रेस पार्टी निम्नलिखित प्रमुख मांगें उठाएगी—

1. मतदाता सूची से हटाए गए पात्र मतदाताओं के नामों की निष्पक्ष जांच कर उन्हें दोबारा शामिल किया जाए।
2. मतदाता सूची में जोड़े गए, हटाए गए और संशोधित किए गए सभी नामों का पूरा विवरण सार्वजनिक किया जाए।
3. राजनीतिक दलों को मतदाता सूचियां समय पर और उपयोगी प्रारूप में उपलब्ध करवाई जाएं।
4. मतदाता सूची में गड़बड़ियों की स्वतंत्र जांच करवाई जाए और इसके लिए जवाबदेही तय हो।
5. मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने की कांग्रेस की मांग पर उचित कार्रवाई की जाए।
6. मतदान प्रक्रिया में पारदर्शिता और जनता का विश्वास कायम करने के लिए बैलेट पेपर से मतदान करवाने तथा विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से पहले की मतदाता सूची को आधार बनाने की मांग पर विचार किया जाए।

अभियान चार चरणों में चलेगा

पहला चरण — 4 नवंबर: अभियान की शुरुआत संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से की जाएगी। इसके साथ ही मीडिया और सोशल मीडिया के जरिए अभियान का संदेश आम जनता तक पहुंचाया जाएगा।

पदयात्रा की तैयारियों का महापौर ने लिया जायजा, सेक्टर-12 में किया स्थल निरीक्षण

ओपन सर्च / प्रदीप मैहता



करनाल। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के करनाल आगमन पर आयोजित होने वाली 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा की तैयारियों को लेकर महापौर रेणु बाला गुप्ता लगातार सक्रिय हैं। आयोजन को सुव्यवस्थित और सफल बनाने के उद्देश्य से महापौर ने सेक्टर-12 स्थित पदयात्रा स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक मंगला, करनाल विधायक जगमोहन आनंद, जिला प्रभारी जवाहर यादव और रोहतक के महापौर राम अवतार के साथ कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर विभिन्न व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान आयोजन से जुड़ी व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई और कार्यक्रम में पहुंचने वाले कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। महापौर ने व्यवस्थाओं में आपसी समन्वय और समयबद्ध तैयारी पर जोर देते हुए कहा कि इतने बड़े आयोजन में प्रत्येक छोटी-बड़ी व्यवस्था का दुरुस्त होना जरूरी है, ताकि कार्यक्रम में शामिल होने वाले किसी भी व्यक्ति को असुविधा न हो। इस अवसर पर महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का करनाल आगमन शहर के लिए महत्वपूर्ण अवसर है। 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को पूरी जिम्मेदारी एवं समर्पण के साथ अपनी भूमिका निभानी होगी। उन्होंने कहा कि संगठन की एकजुटता, कार्यकर्ताओं का उत्साह और जनसहभागिता किसी भी बड़े आयोजन की सफलता के महत्वपूर्ण आधार हैं। महापौर ने कहा कि सभी के सामूहिक प्रयासों और बेहतर तालमेल से इस आयोजन को सुव्यवस्थित एवं यादगार बनाया जाएगा।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पूरी सक्रियता के साथ तैयारियों में जुटें और कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करें। महापौर ने विश्वास व्यक्त किया कि करनाल के कार्यकर्ताओं का उत्साह और सामूहिक प्रयास इस आयोजन को विशेष स्वरूप प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि करनाल इस महत्वपूर्ण आयोजन के स्वागत और तैयारियों के लिए पूरी तरह जुटा हुआ है।

30 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर में 90 प्रतिभागियों को अपने अनुसंधान विषय"खेल खेल में योग" से कराया अवगत : डॉ कुकरेजा

ओपन सर्च / प्रदीप मैहता



कुरुक्षेत्र। हरियाणा के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी जी, शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा के कुशल नेतृत्व में तथा हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन डॉ जयदीप आर्य के मार्गदर्शन में हरियाणा योग आयोग एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षकों हेतु तीस दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 30 नवंबर तक डाइट, कुरुक्षेत्र में किया जा रहा है। इस शिविर के लगभग 90 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण देने हेतु कुरुक्षेत्र से हरियाणा योग आयोग के वरिष्ठ सदस्य एवं भारतीय योग संस्थान की हरियाणा प्रांत इकाई के पूर्व संगठन मंत्री डॉ मनीश कुकरेजा को विशेष रूप से एक सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया। सत्र का शुभारंभ महान ऋषि पतंजलि जी को नमन करते हुए किया गया। इस सत्र में डॉ कुकरेजा ने अपने अनुभव सांझा करते हुए खेल खेल में योग को कैसे सिखाया जा सकता है इस पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बताया कि उनके अनुसंधान में रचित एवं परिवर्धित एबीसी ऑफ योग के चार्ट्स, हिंदी भाषी यौगिक वर्णमाला चार्ट्स, यौगिक सांप सीढ़ी खेल, यौगिक लुडो खेल तथा यौगिक शतरंज के माध्यम से भावी पीढ़ी को योग के सिद्धांत एवं क्रियात्मक पक्ष को बहुत ही सुगम विधि से सिखाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा रचित खेल खेल में योग विषय पर आधारित पांच शोध पत्र भी एन सी ई आर टी के प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में भी प्रकाशित हो चुके हैं। योग प्रशिक्षण सत्र में डॉ कुकरेजा ने एबीसी ऑफ योग चार्ट की प्रथम श्रृंखला पर निर्मित चार्टों को किस प्रकार प्रार्थना सभा में केवलमात्र ऑडियो के माध्यम से योग संबंधी 26 शब्दों की सरल व्याख्या तथा क्रियात्मक अभ्यास सभी प्रतिभागियों को कराया जा सकता है उसकी संक्षिप्त रूपरेखा साझा की। सभी प्रतिभागियों ने अत्यंत उत्साहित होकर उनके सत्र में वितरित ज्ञान को आत्मसात किया व संयुक्त रूप से आश्वासन दिया कि वे इस विषय को प्रत्येक शिक्षा से जुड़े संस्थान के शिक्षकों व विद्यार्थियों तक लेकर जाएंगे। श्वास ध्यान के अभ्यास में डॉ कुकरेजा द्वारा बांसुरी वादन पर "साँसों की माला पे सिमरू मैं तेरा नाम" की धुन द्वारा सभी को अंतर्मुखी होने के लिए विवश कर दिया। जिला शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) के जिला योग समन्वयक जयदेव आर्य ने मुख्य वक्ता डॉ मनीश कुकरेजा तथा उनके साथ आए उनके सहयोगी कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सहायक प्रोफेसर डॉ देवेंद्र सिंह व प्राणसार योग एकेडमी की मुखिया सरिता रोशा का कार्यक्रम में आकर प्रतिभागियों का ज्ञानवर्धन करने हेतु आभार ज्ञापित किया । मुख्य वक्ता ने आयोग के चेयरमैन डॉ जयदीप आर्य, शिक्षा विभाग के डाइट, कुरुक्षेत्र के प्रिंसिपल व जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा तथा संस्थान प्रभारी जसविंदर एवं आयुष विभाग के अधिकारियों व मास्टर ट्रेनर राजेश चौहान, महावीर तथा डिंपल का तथा विशेष रूप से सभी उपस्थित प्रतिभागियों का एकाग्रता पूर्वक सत्र में सहभागिता करने हेतु हृदय से आभार प्रकट किया। सभी प्रतिभागियों को हरियाणा योग आयोग के सौजन्य से प्रेषित योग चार्ट की प्रति भेंट की गई। लगभग सभी प्रतिभागियों ने प्रतिपुष्टि के रूप में रचित योग प्रशिक्षण सहायक सामग्री का समर्थन करते हुए इसे शैक्षणिक पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाने हेतु महत्त्वपूर्ण सुझाव दिया।

सैक्टर 13 की राजकीय विद्यालय में नशे के विरुद्ध जागरूकता रैली निकाली

ओपन सर्च / प्रदीप मैहता

करनाल। राजकीय कन्या उच्च विद्यालय सैक्टर 13 में स्काउट गाईड की नशा मुक्त अभियान के तहत करनाल की कब बुलबुल इकाई द्वारा नशे के खिलाफ जागरूकता रैली का आयोजन डी ओ सी अनिल सैनी के नेतृत्व में किया गया ।डी ओ सी अनिल सैनी ने बताया कि रैली का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करना है। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है। हम सबने मिलकर समाज को इस बुराई से मिटाना है। विद्यालय मुखिया सपना पुरी ने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है जागरूकता से ही इस बुराई को मिटाया जा सकता है।नशापान के खिलाफ सैक्टर 13 की गलियों में नारे लगाते हुए जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें छात्रों ने प्रेरक नारों के साथ लोगों को नशा मुक्ति के लिए प्रेरित किया। शिक्षक दलीप सिंह ने कहा कि इन रैलियों का उद्देश्य न केवल युवाओं एवं विद्यार्थियों को जागरूक करना है, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाना भी है। नशे के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने के लिए ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन जारी रहेगा। इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता, नशा मुक्ति पर पोस्टर, नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। डाईट प्रभारी मुनीश कुमार एवं पूरी योग टीम की गरिमामयी उपस्थिति रही।इस अवसर पर डा ई ट प्रभारी मुनीश, अश्वनी मिश्रा, प्रमोद, सपना पुरी प्रमिला, , दलीप सिंह, अनिल सैनी , इंदु शेखर,पूनम,, रेखा , अनामिका, मोनिका, अंजू आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

दिवाली पर जिला के अस्पताल अलर्ट मोड पर,आतिशबाजी और हादसों के इलाज में नहीं होगी देरी

ओपन सर्च / प्रदीप मैहता



करनाल। उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि प्रदेश सरकार ने दिवाली पर्व के दौरान अस्पतालों को अलर्ट मोड पर रहने और आपातकालीन तैयारियों को मजबूत करने के लिए विशेष सलाह जारी की है। त्यौहार के समय पटाखों और अन्य हादसों के कारण जलने और सांस संबंधी समस्याओं के मामलों में बढ़ोतरी की आशंका को देखते हुए सभी सरकारी और निजी अस्पतालों में बर्न-वार्ड अलग से तैयार रखने के निर्देश दिए गए हैं। जारी निर्देशों के अनुसार आपातकालीन केंद्रों में पर्याप्त मात्रा में ब्रोंकोडायलेटर्स, ऑक्सीजन सिलेंडर और बर्न ट्रीटमेंट किट जैसी आवश्यक दवाओं व चिकित्सा आपूर्ति का पहले से ही प्रबंध सुनिश्चित करने को कहा गया है। आतिशबाजी या किसी भी प्रकार की दुर्घटना के शिकार लोगों का त्वरित इलाज संभव हो सके, इसके लिए सभी सरकारी अस्पतालों में 20 से अधिक बेड आरक्षित रखने के निर्देश दिए गए हैं। दिवाली पर सामान्य दिनों की तुलना में सडक़ हादसों, झुलसने और आंखों की चोटों की घटनाओं में इजाफा होता है, जिसे देखते हुए इमरजेंसी विभाग के अलावा नेत्र रोग (ऑप्थैल्मोलॉजी), आर्थोपेडिक और सर्जरी विभागों में भी बिस्तर सुरक्षित रखे जाएंगे। नेत्र रोग, आर्थोपेडिक और सर्जरी विशेषज्ञों को अलर्ट मोड और ऑन-कॉल ड्यूटी पर रखने के निर्देश दिए गए हैं ताकि पीड़ितों को तुरंत और प्रभावी इलाज मिल सके। उपायुक्त ने बताया कि दिवाली पर किसी भी आकस्मिक परिस्थिति से निपटने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी और निजी, दोनों क्षेत्रों के विशेषज्ञों को तैनात रहने का आदेश जारी किया गया है। इसके अतिरिक्त बर्न मरीजों के लिए पर्याप्त संख्या में स्ट्रेचर, बिस्तर, आई/वी स्टैंड, आई/वी सोलूशन्स और एंटीबायोटिक्स की सुगम उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया है। दिवाली पर्व के दौरान चिकित्सा कर्मियों और विशेषज्ञों को शहर से बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी तथा आई और ईएनटी विशेषज्ञों की टीमें अस्पतालों में मौजूद रहेंगी। वहीं गंभीर मामलों की त्वरित देखभाल के लिए अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर और आईसीयू में भी विशेष रूप से बिस्तर आरक्षित किए जाएंगे।

श्री महाकाली महाकालेश्वर सिद्धपीठ मंदिर में विश्व कल्याण हेतु 'श्री चंडी महायज्ञ' का भव्य आयोजन



ओपन सर्च / प्रदीप मैहता

तरावड़ी। श्री महाकाली महाकालेश्वर सिद्धपीठ मंदिर परिसर में माँ भगवती के तीनों पावन स्वरूपों—श्री महाकाली, श्री महालक्ष्मी एवं श्री महासरस्वती—की विशेष प्रसन्नता और समस्त जगत के कल्याण हेतु भव्य 'श्री चंडी महायज्ञ' एवं पूजा-अर्चना का आयोजन अत्यंत श्रद्धा व उल्लास के साथ संपन्न हुआ।यह दिव्य अनुष्ठान आचार्य शुभम शास्त्री जी के पावन सान्निध्य में आयोजित किया गया। महायज्ञ का मुख्य पूजन एवं हवन विधान हरिद्वार से पधारे सुप्रसिद्ध आचार्य अरुण सती जी के द्वारा वेदोक्त मंत्रोच्चार और संपूर्ण विधि-विधान के साथ पूर्ण कराया गया।यज्ञ के दौरान आहुतियां समर्पित करते हुए माँ जगदम्बा से समस्त संसार में शांति, स्वास्थ्य, समृद्धि और सुख की कामना की

आचार्यों ने बताया कि चंडी महायज्ञ का आयोजन वातावरण को शुद्ध व ऊर्जावान बनाता है तथा इसमें भाग लेने वाले सभी श्रद्धालुओं को माँ भगवती का अक्षय आशीर्वाद प्राप्त होता है।

तुष्टिकरण ने बढ़ाया आतंकवाद-संतुष्टिकरण ने दिया श्रेष्ठ भारत : भाजपा नेता योगी राघव



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना ब्लॉक के आदर्श गांव खेड़ला में रहने वाले भाजपा के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता योगी राघव ने कहा कि पिछली सरकारों में तुष्टिकरण वाली नीतियों से आतंकवाद-उग्रवाद को बढ़ावा मिला और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार में संतुष्टिकरण की बदौलत श्रेष्ठ भारत का निर्माण हुआ है। उन्होने कहा कि हमारे शास्त्र कहते है कि आस्थावान, श्रद्धावान व्यक्ति ही ज्ञान प्राप्त कर सकता है। इससे सकारात्मक भाव पैदा होता है। जिनके मन में आस्था ना हो, वहां नकारात्मकता, अराजकता, अशांति वाला भाव पैदा होगा जबकि रामराज की सोच से संतुष्टिकरण का भाव और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना के साथ-साथ देश के प्रति कर्तव्य बोध की भावना को बढ़ावा मिल रहा है।

हृदय रोगी बुजुर्गों-बच्चों के लिए सर्दियों का मौसम घातक : डाक्टर प्रतीक गिरोत्रा



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर शहर में दमदमा चौक के समीप स्थित एक्रोपोलिस सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल निर्देशक डाक्टर प्रतीक गिरोत्रा ने बताया कि दिल की जन्मजात बीमारियों से पीड़ित मासूम बच्चों के साथ-साथ हृदय रोगी बुजुर्गों के लिए मौजूदा मौसम बेहद घातक है। इस मौसम में बच्चे सांस से संबंधित संक्रमण और आक्सीजन की कमी से अधिक जूझते है। ऐसे में जरूरी है कि इस मौसम के साथ-साथ सर्दियों के मौसम में हृदय रोगी बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक सभी सावधानी बरते। सर्दियों में गर्म व मोटे कपड़े पहन कर ही घरों से बाहर निकले। ठंडे पानी की बजाय गुनगुना पानी पीये और गर्म पानी से ही स्नान करे। अल्पाहार व भोजन भी गर्म ही ले। एक्रोपोलिस सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल निर्देशक डाक्टर प्रतीक गिरोत्रा ने बताया कि सितम्बर से दिसम्बर महीने के बीच मौसम वायरल संक्रमण के अनुकूल होता है तो इन महीनों में प्रदूषण भी ज्यादा अधिक होता है। जिस कारण सांस से संबंधित रोगियों को वायरल संक्रमण के चलते ज्यादा परेशानियां आती है और आक्सीजन की कमी से समस्या ज्यादा बढ़ जाती है।

भाजपा नेता धर्मबीर डागर ने दी चेयरमैन बनने पर डाक्टर सुरेन्द्र पूनिया को बधाई

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक के डायरेक्टर व भाजपा नेता चौधरी धर्मबीर डागर अलीपुरिया ने भाजपा में प्रदेश महामंत्री और प्रदेश कार्यालय प्रमुख जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाते हुए अपनी पार्टी संगठन में विशेष पहचान रखने वाले हिसार निवासी डाक्टर सुरेन्द्र पूनिया को हरियाणा पर्यटन निगम का चेयरमैन बनने पर क्षेत्र के पार्टी कार्यकर्ताओं की तरफ से बधाई दी है। उन्होने बताया कि खुशी की बात यह है कि डाक्टर सुरेन्द्र पूनिया पर्यटन निगम चेयरमैन के साथ-साथ हरियाण पर्यटन निगम मंडल के निर्देशक पद की जिम्मेदारी के साथ-साथ दोहरी जिम्मेदारी संभालते हुए दोनों पदों पर पदासीन रहेंगे।

गौशालाओं में चारे और शैड निर्माण के लिए 86.95 करोड़ की धनराशि मंजूर : ओमप्रकाश तंवर



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना ब्लाक के आदर्श गांव सिलानी में रहने वाले जिलापरिषद के उपचेयरमैन ओमप्रकाश तंवर ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सरकार गौवंश संरक्षण और गौशालाओं के विकास के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने पर विशेष फोकस कर रही है। उन्होने बताया कि इसी कड़ी में सरकार ने राज्य भर की 629 पंजीकृत गौशालाओं में पल रहे गौधन को चारे और उन्हे ठंड से बचाव के लिए टीनशैड निर्माण हेतू 86.95 करोड़ की धनराशि मंजूर करी है। जिलापरिषद के उपचेयरमैन ओमप्रकाश तंवर ने इस बात पर भी खुशी जताई कि इस बार लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वोकल फोर लोकल अभियान को बढ़ावा देने के लिए स्वदेशी उत्पादों की खरीद कर छोटे कारोबारियों को आर्थिक मजबूती देने का काम कर रहे है तो वही दीवाली पर जलाने के लिए इस बार लोग गौशालाओं में गोबर से निर्मित दीये खरीदने के लिए गहन रूचि दिखा रहे है।

टीवीएम मशीनें बनाने में भारत पूरी तरह सक्षम : डाक्टर सतीश जुनेजा



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर स्थानीय धर्मसभा राममंदिर से जुड़े समाजसेवी डाक्टर सतीश जुनेजा ने इस बात पर खुशी जताई कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में भारत दोबारा से विश्व की सबसे बड़ी महाशक्ति और सोने की चिडिया बनने की तरफ तेजी से अग्रसर हो रहा है। अच्छी बात यह है कि भारत ने आत्मनिर्भरता को रेखाकिंत करते हुए वोकल फोर लोकल को बढ़ावा देकर चीन के सामने टनल बोरिंग मशीन टीवीएम के लिए किसी भी कीमत पर ना झुकने का निर्णय लिया है। उन्होने बताया कि यदि चीन इन मशीनों के निर्यात पर नियंत्रण लगाकर आपूर्ति रोकने का प्रयास करेगा तो भारत खुद इन मशीनों का निर्माण करने में पूरी तरह सक्षम है। जिस कारण चीन में मोदी सरकार की नीतियों से छटपटाहट और बौखलाहट नजर आ रही है।

म्हारी छोरियां किसी भी क्षेत्र में नही छोरों से कम : इनेलो नेता रोहताश खटाना लोहटकी



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): इनेलो के जिलाप्रधान व पूर्व जिलापार्षद रोहताश खटाना लोहटकी का कहना है कि आज देश की आधी आबादी हर क्षेत्र में पुरूषों के कंधे से कंधा मिलाकर अपना परचम लहरा रही है। खुशी की बात यह है कि म्हारी बहन-बेटियां आज किसी भी क्षेत्र में छोरों से तनिक भी कम नही है और गांव देहात में विवाह के बाद अक्सर महिलाएं पारिवारिक जिम्मेदारियों के चलते अपने सपने के कैरियर को पीछे छोड़ देती है लेकिन गांव की माटी में पली-बढ़ी मुक्केबाज खिलाड़ी चेतना सैनी ने इस सोच को बदल कर क्षेत्र, प्रदेश और देश की मातृशक्ति को नई दिशा व प्रेरणा देने का काम किया है। इनेलो के जिलाप्रधान चौधरी रोहताश खटाना लोहटकी ने मुक्केबाजी की मिस्त्र में आयोजित की गई प्रतियोगिता में देश-दुनिया के मुक्केबाज खिलाडिय़ों को हराकर मुक्केबाजी खेलों में इतिहास रचने वाली चेतना सैनी को अपनी व इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी और कार्यकर्ताओं की तरफ से बधाई देते हुए कहा कि उनकी इस उपलब्धि से आज क्षेत्र, प्रदेश व देश की हर महिला खुद को गौरान्वित महसूस कर रही है क्योकि चेतना सैनी ने ना केवल अपने गांव सिलोखरा बल्कि पूरे क्षेत्र, प्रदेश व देश का नाम दुनिया के मानचित्र पर रोशन किया है और आज वह महिला समाज विशेषकर उभरती महिला खिलाडिय़ों के लिए प्रेरणा का प्रतीक बन गई है, जिन्होने शादी के बाद अपने कैरियर को विराम देने की बजाय अपने बच्चों, परिवार और समाज की जिम्मेदारियों को निभाने के साथ-साथ खेलों में भी दुनिया के मानचित्र पर मुक्केबाजी के क्षेत्र में इतिहास रच दिया है। उन्होने ऐसे भी संकेत दिए कि उनकी अगुवाई में इनेलो का एक प्रतिनिधिमंडल जल्द ही खिलाड़ी चेतना सैनी का सार्वजनिक मंच पर स्वागत-सत्कार व सम्मान करेगा।

खेलों में हिस्सा लेने से बढ़ता है प्रेम-प्यार और भाईचारा : शिक्षाविद नरेन्द्र बोकन

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। सोहना विट इंजीनियरिंग कॉलेज में बुधवार से शुरू होने वाले वार्षिक खेल महोत्सव का शुभारंभ सोहना विट इंजीनियरिंग कॉलेज प्रबंधन समिति चेयरमैन नरेन्द्र बोकन ने बतौर मुख्यातिथि रूप में रिबन काटकर किया। कॉलेज प्राचार्य डाक्टर संजय कौशिक ने बताया कि कॉलेज प्रबंधन समिति सचिव अभिमन्यु बोकन की अध्यक्षता में आयोजित किए गए वार्षिक खेल महोत्सव में खिलाडिय़ों और दर्शकों के बीच मुख्यातिथि रूप में बोलते हुए सोहना विट इंजीनियरिंग कॉलेज प्रबंधन समिति चेयरमैन नरेन्द्र बोकन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना का विकास करते हैं। शिक्षा के साथ खेलों में भाग लेना व्यक्तित्व निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होने कहा कि प्रत्येक प्राणी को किसी ना किसी खेल में हिस्सा जरूर लेना चाहिए क्योकि खेलों में हिस्सा लेने पर ना केवल शरीर हष्ट-पुष्ट रहता है बल्कि आपसी भाईचारे, प्रेम-प्यार, सौहार्द को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ खिलाडियों के दिलों-दिमाग में अनुशासन की भावना भी जागृत होती है। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि सोहना विट इंजीनियरिंग कॉलेज खेलों के माध्यम से सेना और पुलिस की भर्ती के लिए भी नौजवानों को पूरी तरह तैयार करे ताकि अपने क्षेत्र का नौजवान भारतीय सेना और पुलिस में अपनी काबिलियत के आधार पर शामिल होकर रोजगार प्राप्त करने के साथ-साथ अपने परिवार की सही से आजीविका चला सके। सोहना विट इंजीनियरिंग कॉलेज प्रबंधन समिति चेयरमैन नरेन्द्र बोकन ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हारने वाली टीम को



जीतने वाली टीम से सीखना चाहिए कि उसकी कहां पर चूक रही है जबकि जीतने वाली टीम को अपनी जीत पर अभिमान नही होना चाहिए क्योंकि खेलों में हार-जीत होती है। जब दो टीमें आमने-सामने है तो एक टीम जीतेगी तो दूसरी हारेगी। उन्होने कहा कि खेलों और खिलाडिय़ों को बढ़ावा देने के लिए शिक्षा संस्थान में ऐसे आयोजन समय-समय पर अवश्य होते रहने चाहिए क्योंकि ऐसे आयोजनों से ना केवल उदयमान खिलाडिय़ों को आगे आने और अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है बल्कि खेलों को भी बढ़ावा मिलता है। उन्होंने खेलों विशेषकर क्रिकेट के प्रति अपने लगाव को प्रदर्शित करते हुए कहा कि वह खुद भी खेलों की शौकीन रहे है और अभी भी जब भी मौका मिलता है, वह अपना पसंदीदा खेल जरूर खेलते है। इस मौके पर सोहना विट इंजीनियरिंग कॉलेज प्रबंधन समिति सचिव अभिमन्यु बोकन ने खेलों और खिलाडिय़ों के प्रति अपने विशेष लगाव को प्रदर्शित करते हुए कहा कि वह सदैव खेलों और खिलाडिय़ों को बढ़ावा देने में आगे रहे है। उनका प्रयास रहेगा कि वह आगे भी खेलों को बढ़ावा और खिलाडिय़ों को प्रोत्साहन देने में आगे रहे ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली छुपी हुई खेल प्रतिभाओं को आगे आने का भरपूर मौका मिले क्योंकि खेलों और खिलाडिय़ों को भरपूर बढ़ावा मिलने पर ही क्षेत्र में रहने वाले विभिन्न खेलों में उदयमान खेल प्रतिभाओं को आगे आने और देश-विदेश में अपने क्षेत्र, जनपद व हरियाणा का नाम रोशन कर चार चांद लगाने का मौका मिले। कॉलेज प्राचार्य डाक्टर संजय कौशिक ने बताया कि विट कॉलेज प्रांगण में वार्षिक खेल महोत्सव के पहले दिन क्रिकेट, वॉलीबॉल, शॉटपुट, बैडमिंटन, 100 मीटर दौड़ समेत विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें विद्यार्थियों व खिलाडिय़ों ने उत्साह और जोश के साथ भाग ले रहे है जबकि अगले दिन बृहस्पतिवार, 5 नवंबर को दीपावली मेले का आयोजन किया जाएगा।

मेले में दीपावली थीम पर आधारित विभिन्न स्टॉल, रंगोली प्रतियोगिता, नृत्य, गायन एवं अन्य सांस्कृतिक गतिविधियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। यह आयोजन विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ-साथ भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं से जुडऩे का अवसर प्रदान करेगा। उन्होने बताया कि इस दो दिवसीय उत्सव से विद्यार्थियों में आपसी सहयोग, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास एवं सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा मिलेगा।

दीवाली पर स्वदेशी सामान खरीदने को तरजीह दे लोग : भाजपा विधायक तेजपाल तंवर

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। सोहना विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक चौधरी तेजपाल तंवर ने बताया कि भाजपा राज में तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहरलाल खटटर और मौजूदा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोहना विधानसभा क्षेत्र में विकास को बढ़ावा देने के लिए जो भी घोषणाएं की है, उनको धरातल पर अमलीजामा पहनाने के लिए सरकार पूरी तरह सक्रिय नजर आ रही है। उन्होने बताया कि हरियाणा सरकार के खेल विभाग में चीफ सेकेटरी अवनीत पी कुमार ने जिला खेल अधिकारी से सोहना ब्लॉक के आदर्श गांव सरमथला में खेलस्टेडियम बनाए जाने वाली घोषणा को अमलीजामा पहनाने के लिए जानकारी मांगी है ताकि खेलस्टेडियम का निर्माण जल्द से जल्द कराया जा सके। उन्होने बताया कि भाजपा राज में वर्ष-2016 से लेकर



वर्ष-2026 के चालू महीने तक मुख्यमंत्री ने जो भी घोषणांए की है, उन सबको सिरे चढ़ाने के लिए सरकारी मशीनरी पूरी तरह सक्रिय हो गई है। भाजपा विधायक चौधरी तेजपाल तंवर ने बताया कि खुशी की बात यह है कि मुख्यमंत्री की घोषणाओं में गांव फाजिलपुर और गांव नवादाफतेहपुर में और इसी दिन हेलीमंडी में खेलस्टेडियम बनाए जाने की घोषणा आठ मई, 2026 को हुई थी तो उन्नीस जून, 2026 को मुख्यमंत्री ने गांव वजीराबाद में वर्ष-2022 में मानेसर और पटौदी तथा गांव कासन और सोहना के गांव सिरमथला व गांव टीकरी में खेलस्टेडियम बनाए जाने की घोषणा की थी जबकि पिछले वर्ष तीस दिसम्बर, 2025 को नेहरू स्टेडियम में 100 खिलाडिय़ों के लिए सभी आधुनिक खेल सुविधाओं युक्त खेल हॉस्टल बनाए जाने की घोषणा की गई। अच्छी बात यह है कि हेलीमंडी में खेलस्टेडियम बन गया है जबकि गांव वजीराबाद में चल रहे खेलस्टेडियम निर्माण का कार्य जल्द पूरा होने की उम्मीद है और गांव फाजिलपुरबादली तथा गांव नवादाफतेहपुर में खेलस्टेडियम निर्माण का कार्य तेजी से चल रहा है। जिन स्थानों पर खेलस्टेडियम निर्माण का कार्य शुरू नही हो पाया, वहां भी अब खेलस्टेडियम बनाए जाने के लिए निर्माण कार्य तेजी से शुरू होंगे।

कच्चे कर्मचारियों को पक्का कर चुनावी वादा निभाए भाजपा : कांग्रेस नेता सतबीर खटाना

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता और किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष पहलवान सतबीर खटाना दमदमिया ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सरकार से मांग की है कि विधानसभा चुनावों से पहले भाजपा ने जनता से जो वादें किए थे, उन्हे ज्यो का त्यो ईमानदारी से लागू करने का काम करे और राज्य में हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत कार्यरत करीब 1.20 लाख कच्चे कर्मचारियों को नियमित यानी पक्का किए जाने वाले अपने चुनावी वादों को पूरा करे। उन्होने बताया कि राज्य के विभिन्न सरकारी विभागों, बोर्डों व निगमों में वर्षों से कच्चे कर्मचारी अपनी सेवाएं दे रहे है लेकिन भाजपा सरकार अपने वादे को पूरा करने की बजाय कर्मचारियों के साथ विश्वासघात कर रही है। बुधवार को युवा कांग्रेस नेता मनदीप खटाना के कार्यालय पर आयोजित की गई कार्यकर्ता बैठक में मौजूद कार्यकर्ताओं के बीच बोलते हुए कांग्रेस नेता पहलवान सतबीर खटाना दमदमिया ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सरकार की दोगली नीतियों का भांड़ाफोड़ किया और भाजपा की लूट व झूठ भरी दोगली नीतियों से कार्यकर्ताओं को विस्तार से अवगत कराया और कहा कि भाजपा राज में तेजी से बढ़ रही महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, लूट-खसोट, अफसरशाही, बिगड़ रही कानून व्यवस्था ने पिछले तमाम रिकार्ड तोड़ दिए है। हालात यह है कि सोहना शहर में खेलस्टेडियम में खिलाडिय़ों को पर्याप्त खेल सुविधाएं और विभिन्न खेलों के कोच तक उपलब्ध नही है तो यहां पर लघुसचिवालय और गांव सरमथला में खेलस्टेडियम का निर्माण कार्य भी धरातल पर होने की बजाय कागजों में ही होने से दिखावा बनकर रह गया है। क्षेत्र के किसान यूरिया, बिजली-पानी किल्लत, नहरी पानी के अभाव से जूझ रहे है।

बच्चों में शिक्षा के साथ-साथ नैतिक संस्कार भी जरूरी : शिक्षाविद पंडित अनिल कौशिक

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। सोहना ब्लॉक के आदर्श गांव भौंड़सी स्थित लैबर्नम पब्लिक स्कूल में शिक्षा ग्रहण करने वाले विद्यार्थियों ने अमीर-गरीब के बीच की खाई को पाटने और अनेकता में एकता को प्रदर्शित करने के लिए दीपावली के उपलक्ष्य में समानता देने का सुख सीखा। विद्यालय निर्देशक भारत शर्मा ने बताया कि इस मौके पर मौजूद विद्यार्थियों, अभिभावकों और आमंत्रितों के बीच मुख्य वक्ता रूप में बोलते हुए लैबर्नम पब्लिक स्कूल प्रबंधन समिति चेयरमैन पंडित अनिल कौशिक ने कहा कि दीपावली पर अपना घर रोशन करना अच्छा है पर किसी और के घर तक रोशनी पहुंचाना उससे बड़ी बात है। इसी सोच के साथ लैबर्नम पब्लिक स्कूल ने दीपावली स्नेह अभियान बाँटें खुशियाँ, बांटें अपनापन का आयोजन किया।

उन्होने बताया कि विद्यालय में यह अभियान डाक्टर किरण बेदी द्वारा स्थापित गैर-सरकारी संगठन नवज्योति इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से चलाया गया। उन्होने बताया कि चलाए गए इस अभियान में हर कक्षा को रोज के काम आने वाली खाद्य सामग्री लाने को कहा गया था। विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह से अपने घर से सामान लाकर जमा किया। यहां दीपावली की सजावट और उपहार की सुंदर चीज़ें रखी गई थीं। इन्हें देखकर बच्चों ने जाना कि मेहनत से बनी चीज़ की कीमत क्या होती है और स्वदेशी सामान खरीदने से किसी कारीगर के घर का खर्च कैसे चलता है। पैसे की समझ और आपसी सहयोग का यह सीधा अनुभव कक्षा में पढ़ाने से कहीं ज़्यादा असर करता है। लैबर्नम पब्लिक स्कूल प्रबंधन समिति चेयरमैन पंडित अनिल कौशिक ने इस बात पर खुशी जताई कि लैबर्नम विद्यालय में देने की आदत को जीवन कौशल का हिस्सा माना जाता है। जैसे बच्चे को पढऩा और गणित सिखाया जाता है, वैसे ही बाँटना भी सिखाना पड़ता है। इसलिए यह काम केवल त्योहार तक सीमित नहीं है। पूरे साल अलग-अलग गतिविधियों के ज़रिए बच्चों में दूसरों की ज़रूरत समझने और अपने हिस्से में से कुछ देने की आदत डाली जाती है। उन्होने कहा कि शिक्षा का काम बच्चे को केवल अच्छे अंक दिलाना नहीं है। उसे ऐसा इंसान बनाना भी है, जिसे दूसरों का दुख दिखाई दे। जो बच्चा बचपन में बाँटना सीख लेता है, वह बड़ा होकर समाज पर बोझ नहीं बनता, उसका सहारा बनता है। इस मौके पर बोलते हुए विद्यालय प्रधानाचार्या डाक्टर भावना छिब्बर ने कहा कि बच्चे वही सीखते है, जो वे अपने आसपास होता देखते हैं। इस बार हमारे शिक्षकों ने भी विद्यालय के सहयोगी कर्मचारियों के लिए खाद्य सामग्री जमा की और बच्चों ने उन्हें ऐसा करते देखा। देने की आदत भाषण से नहीं, उदाहरण से बनती है। हमारे बच्चों ने छोटी-छोटी चीज़ें लाकर जो किया, वह किसी बड़े दान से कम नहीं है। लैबर्नम पब्लिक स्कूल का यह अभियान इसी बात की याद दिलाता है कि खुशियाँ बाँटने से घटती नहीं, बढ़ती हैं।

सोहना में ज्यादा जीएसटी वसूलने पर हरेरा ने दिए बिल्डर की जांच के आदेश

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। शिवनगरी सोहना शहर के वार्ड-21 के तहत गांव सोहनाढाणी स्थित स्पोर्टस विला प्रोजेक्ट में फ्लैट खरीददारों से जीएसटी के नाम पर 1.27 लाख की धनराशि अधिक वसूले जाने के आरोप में हरेरा ने संज्ञान लेते हुए बिल्डर को ना केवल वसूली गई पूरी रकम का हिसाब देने का निर्देश दिया है बल्कि पूरे मामले की जांच के आदेश दिए है और कहा है कि तय दर से अधिक जीएसटी वसूले जाने की पुष्टि होने पर बिल्डर को फ्लैट खरीददारों से वसूली गई अतिरिक्त जीएसटी रकम लौटानी पड़ेगी। साथ ही साथ हरेरा ने 6 साल से अटकी कान्वेंस डीड को भी 120 दिनों के भीतर पूरा करने का आदेश दिया है। यह आदेश अनोलिका मिश्रा और प्रतिभा मिश्रा की शिकायत पर हरेरा ने एचसीबीए प्रमोटर्स एंड डवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ जारी किए है। अहम बात यह है कि उपरोक्त शिकायतकर्ताओं ने सोहना शहरी क्षेत्र के सेक्टर दो और सेक्टर पैतीस में स्पोर्टस विले प्रोजेक्ट में यूनिट खरीदी थी। दो जुलाई, 2019 को हुए एग्रीमेंट में फ्लैट की कीमत 19.16 लाख रुपए थी। खरीददारों के अनुसार वह अब तक 20.21 लाख रुपए का भुगतान कर चुके है और अर्फोडेबल हाउसिंग पॉलिसी के तहत फ्लैट पर करीब 25 हजार 755 रुपए जीएसटी देय था जबकि बिल्डर ने जीएसटी कीएवज में एक लाख 53 हजार 352 रुपए वसूल लिए और जब फ्लैट खरीददारों ने दी गई रकम के बदले जमा की गई जीएसटी संबंधी प्रमाण मांगा तो उनके बार-बार कहने के बावजूद उन्हे जमा की गई जीएसटी राशि का प्रमाण उपलब्ध नही कराया गया। इसके अलावा फिट आउटर्स और अन्य मदों में भी अतिरिक्त रकम मांगने की शिकायत फ्लैट खरीददारों की तरफ से की गई। जिस पर बिल्डर ने दलील दी कि जीएसटी से जुड़े मामले हरेरा के अधिकार क्षेत्र में नही आते है। इस पर हरेरा अथॉरिटी ने स्पष्ट किया कि प्रोजेक्ट ग्लोबलसिटी जनपद गुरूग्राम के सोहना में होने के कारण उसे सुनवाई का पूरा अधिकार है। बिल्डर को जीएसटी की गणना और भुगतान का प्रमाण देना होगा। जीएसटी की एवज में अतिरिक्त वसूली सामने आने पर फ्लैट खरीददारों से ली गई ज्यादा रकम वापिस लौटानी होगी। ध्यान देने वाली बात यह है कि प्रोजेक्ट को चार जून, 2020 को आक्यूपेशन सर्टिफिकेट मिल गया था। तब बिल्डर ने पंद्रह जून, 2020 को कब्जे की पेशकश की और खरीददारों के मुताबिक पांच जुलाई, 2020 को उन्हे फ्लैट का कब्जा भी मिल गया लेकिन इसके बावजूद कान्वेंस डीड नही की गई। इस प्रकरण में हरेरा ने जारी किए गए आदेश की तारीख से 120 दिनों के भीतर बिल्डर को फ्लैट खरीददारों को डीड एग्जेक्यूट करने को कहा है। इस मामले में हरेरा के कड़े तेवर दिखाने पर क्षेत्र में काम कर रही बिल्डर लाबी में बेचैनी व हडक़म्प का माहौल नजर आ रहा है लेकिन दिलचस्प बात यह है कि कोई भी बिल्डर कुछ भी बोलने से बच रहा है।

ऑनलाइन सामान खरीद से बचे ग्राहक-स्वेदशी को दे बढ़ावा : व्यापारी नेता मनोज बजरंगी

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। स्थानीय व्यापारमंडल संघ के प्रधान मनोज राघव बजरंगी ने दीवाली के त्यौहार पर ग्राहकों से आग्रह किया है कि वह राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए ऑनलाइन खरीददारी करने से बचे और स्वदेशी वस्तुओं की खरीद को प्राथमिकता दे। अपने शहर के बाजारों में ही खरीददारी करनी चाहिए क्योकि अगर किसी सामान में कोई खामी है तो उसका समाधान भी हाथोंहाथ संभव है। बुधवार को यहां पर सर्व समाज के लोगों के बीच मुख्य वक्ता रूप में बोलते हुए व्यापारमंडल संघ के अध्यक्ष मनोज राघव बजरंगी ने लोगों को जागरूक बनाते हुए बताया कि ऑनलाइन सामान खरीद-फरोख्त के नाम पर आजकल ठगी की घटनाएं भी ज्यादा सामने आ रही है। वही ऑनलाइन व्यापार को बढ़ावा मिलने से बाजारों में व्यापारियों का कामधंधा चौपट हो रहा है। दुकानों का किराया, सहायकों का वेतन और घरेलू खर्च निकलना मुश्किल हो गया है।

ऐसे में जरूरी है कि हम ऑनलाइन खरीद को नजरअंदाज कर अपने ही स्थानीय बाजारों से जरूरत की हर वस्तु की खरीद करे और विदेशी बहुराष्ट्रीय कंपनियों को बढ़ावा देने की बजाय स्वदेशी उत्पाद बनाने वाली अपनी कंपनियों को ही बढ़ावा देने में आगे आए।

सोहना से रोड़वेज की विभिन्न रूटों पर चलाई जाए अतिरिक्त बसें : कांग्रेस नेता राजीव यादव



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): युवा कांग्रेस के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता व पूर्व नगरपार्षद राजीव यादव बालूदा ने शासन-प्रशासन का ध्यान एनसीआर के प्रमुख क्षेत्र और मेवात का प्रवेश द्वार कहलाने वाले सोहना में रोड़वेज बसअडडे पर विभिन्न रूटों पर बसों की भारी कमी की तरफ आकर्षित करते हुए हरियाणा राज्य परिवहन अधिकारियों से मांग की है कि दीवाली के त्यौहार और जनहित को सर्वोपरि रखते हुए सोहना शहर स्थित रोड़वेज बसअडडा से गुरूग्राम, पलवल, आगरा, नूंह, झिरकाफिरोजपुर, तावडू, भिवाड़ी, रेवाड़ी, बल्लबगढ़, फरीदाबाद आदि रूटों पर बसों की संख्या बढ़ाई जाए। युवा समाजसेवी व पूर्व नगरपार्षद राजीव यादव बालूदा ने बताया कि दीवाली के त्यौहार पर रोजगार के लिए यहां पर आए 60 फीसदी से भी ज्यादा प्रवासी अपने घरों को जाते है लेकिन बसों के अभाव के कारण उन्हे निजी व डग्गामार वाहनों का सहारा लेना पड़ रहा है, जिनमें भेड़-बकरियों की तरह सफर करके सवारियां ना केवल अपनी जान को जोखिम में डाल रही है बल्कि हरियाणा राज्य परिवहन को भी राजस्व कर की चपत लग रही है तो बच्चों, बुजुर्गों, महिलाओं और बीमार रोगियों को बसों में भारी भीड़भाड़ और सीट ना मिलने से दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में जरूरी है कि सोहना से उपरोक्त सभी रूटों पर अतिरिक्त रूप में बसें चलाई जाए।

जजपा की छह को होने वाली राज्यस्तरीय रैली तोड़ेगी तमाम रिकार्ड : जजपा नेता नगेन्द्र डागर

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): जजपा युवा के प्रदेशउपाध्यक्ष नगेन्द्र डागर ने बुधवार को सोहना विधानसभा क्षेत्र में दर्जनों गांवों का दौरा कर ग्रामीणों और पार्टी कार्यकर्ताओं को अपने साथ 6 दिसम्बर को जजपा के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में इस बार महेन्द्रगढ़ में आयोजित होने वाली राज्यस्तरीय रैली में चलने का आमंत्रण दिया और बताया कि जजपा ने अपनी रैलियों के इतिहास खुद ही तोडने का काम किया है। आने वाला वक्त जजपा का है। इस मौके पर बोलते हुए जजपा हलका अध्यक्ष चौधरी दीपक डागर अलीपुरिया ने इस बात पर खुशी जताई कि क्षेत्र व प्रदेश में जेन जी उल्फा के जजपा की नीतियों में भरोसा जताने से जजपा का जनाधार प्रदेश में दिनोंदिन ज्यादा बढ़ रहा है।

शहीदों की याद में जलाएंगे दीवाली पर दीये : राष्ट्रचिंतक ओपी कथूरिया

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): पंजाबी बिरादरी महासंघ के अध्यक्ष और ओम स्वीटस ग्रुप चेयरमैन ओमप्रकाश कथूरिया ने आम जनमानस से आग्रह किया है कि दीपावली पर वह अमर शहीदों व वीर योद्धाओं के सम्मान में दीप जलाकर उनकी दी गई शहादत को याद करे। उन्होने बताया कि शहीदों की दी गई कुर्बानी की बदौलत ही आज हम खुली हवा में चैन की सांस ले रहे है। पंजाबी बिरादरी महासंघ के अध्यक्ष और ओम स्वीटस ग्रुप चेयरमैन ओमप्रकाश कथूरिया ने बताया कि पूर्वजों की स्मृति में आकाश दीप जलाने की परम्परा रही है और आकाश दीप से जुड़े कथानकों में ऐसी मान्यता है कि महाभारत युद्ध में प्राण विसर्जित करने वाले वीरों की स्मृति में भीष्म ने कार्तिक महीने में दीप मालिकाओं से उन्हे सन्तप्रण दिया था। इसलिए हमें चाहिए कि पूर्वर्जा की याद में जलाए जाने वाले दीपों के साथ-साथ मां भारती के लिए शहादत देने वाले शहीदों की याद में दीप जलाए जाए।

डीवीएम विद्यालय में विद्यार्थी जलाएंगे शहीदों की याद में दीया : शिक्षाविद मोहनप्रकाश कौशिक



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना में गांव दौहला वाले सडक़ मार्ग पर स्थित डीवीएम सीनियर सैकेंडरी विद्यालय प्रबंधन समिति चेयरमैन मोहनप्रकाश कौशिक तथा निर्देशक हर्षित कौशिक की अगुवाई में डीवीएम विद्यालय के छात्र-छात्राएं दीपों के त्यौहार दीपावली पर विद्यालय के साथ-साथ अपने घरों में भी एक-एक दीया शहीदों के नाम जलाकर शहीदों की शहादत को नमन करेंगे। डीवीएम विद्यालय प्रधानाचार्या ने बताया कि डीवीएम विद्यालय शहीदों की याद में प्रति वर्ष दीवाली पर दीया जलाने वाली मुहिम काफी वर्षों से चला रहा है। डीवीएम की चलाई गई इस मुहिम से अन्य विद्यालय और जेन जी उल्फा भी प्रेरणा ले रहे है। डीवीएम सीनियर सैकेंडरी विद्यालय प्रबंधन समिति चेयरमैन मोहनप्रकाश कौशिक तथा निर्देशक हर्षित कौशिक ने आम जनमानस से भी आग्रह किया है कि वह भी दीवाली पर शहीदों की याद में कम से कम एक दीया जरूर जलाए।

बाजारों में स्वदेशी सामान की बढ़ रही खरीददारी से बौखला रहा चीन : मोहित खट्टर



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर स्थानीय धर्मसभा राममंदिर से जुड़े समाजसेवी व बाली स्वीटस ग्रुप निर्देशक मोहित खटटर व कमल खटटर ने इस बात पर खुशी जताई कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आहवान पर भारतीय इस बार दीवाली के त्यौहार पर वोकल फोर लोकल को बढ़ावा देने के लिए स्वदेशी वस्तुओं की खरीद कर चीन निर्मित सजावटी वस्तुओं को खरीदने से पूरी तरह परहेज कर रहे है। भारतीय बाजार में चीन निर्मित सामान की बिक्री ठप होने और मोदी सरकार की नीतियों से चीन में छटपटाहट और बौखलाहट नजर आ रही है। समाजसेवी व बाली स्वीटस ग्रुप निर्देशक मोहित खटटर व कमल खटटर ने कहा कि आज भारतीय बाजार चीन निर्मित वस्तुओं का मुकाबला करने के लिए कीमत, विविधता, सामान की समय पर आपूर्ति और सामान की अच्छी गुणवत्ता पर विशेष फोकस कर रहे है। हर भारतीय में मां भारती के प्रति राष्ट्र भक्ति वाली भावना नजर आ रही है। यही वजह है कि इस बार दीवाली पर बाजार में लोग चीन निर्मित पटाखों, सजावटी वस्तुओं, लडिय़ों व खिलौनों समेत विभिन्न वस्तुओं को खरीदने से दूरी बना स्वदेशी वस्तुओं को खरीदने को तरजीह दे रहे है।

समाजवाद को बढ़ावा देने के लिए समानता बहुत ही जरूरी : सेठ रोहित गर्ग

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर स्थानीय श्री अग्रवालसभा के प्रधान सेठ रोहित गर्ग ने लोगों से दीवाली पर तेज आवाज व प्रदूषण फैलाने वाले जहरीले पटाखे ना चलाने का आग्रह किया है। सेठ रोहित गर्ग का कहना है कि पटाखों से बचाए गए पैसों से मिठाई और वस्त्र आदि खरीद कर अपने आसपास रहने वाले गरीब परिवारों में मिठाई और वस्त्र वितरित की जाए ताकि अत्यंत निर्धन परिवारों के बच्चे भी दीवाली के त्योहार का आनंद उठाए। कार्यक्रम के संयोजक व अग्रवाल युवा नेता हर्षित गर्ग ने बताया कि बुधवार को आयोजित किए गए जागरूकता सम्मेलन में मौजूद लोगों के बीच मुख्य वक्ता रूप में बोलते हुए स्थानीय श्री अग्रवालसभा के प्रधान सेठ रोहित गर्ग ने कहा कि अग्रवाल समाज के प्रवर्तक महाराजा अग्रसेन महाराज ने भी अमीर-गरीब के बीच की खाई को पाटने और समाजवाद व समानता लाने के लिए अपने राज में एक ईंट-एक रुपया का प्रचलन चलाया था। जब कोई परिवार बाहर से उनकी नगरी में रहने आता था तो सभी लोग उसे एक रुपया और एक ईंट देते थे ताकि ईंटों से वह मकान, दुकान बनाए और रुपयों से कारोबार करे। ईट और रुपयों की बदौलत बाहर से महाराजा अग्रसेन की नगर में आने वाला परिवार उसी दिन ईंट और रुपयों को पाने पर अन्य परिवारों के समान बन जाता था और सभी परिवारों में आपसी प्रेम-प्यार, सौहार्द बढ़ता था। उन्होने बताया कि वह बम-पटाखों पर होने वाले खर्चे से इस बार मिठाईयां और नए वस्त्र खरीद कर जरूरतमंद लोगों के बीच वितरित कर दीवाली मनाएंगे।

भाजपा सरकार में विकास कार्यों को मिल रहा बढ़ावा : भाजपा नेता समयपाल भड़ाना

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। सोहना विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के वरिष्ठ नेता और सराय ग्रामपंचायत के पूर्व सरपंच चौधरी समयपाल भड़ाना बुधवार को अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ सोहना शहर की अनाजमंडी स्थित हरियाणा के पूर्व वन, पर्यावरण व खेल राज्यमंत्री कुंवर संजय सिंह छोकर के कार्यालय पर आए और उन्हे गुरू नानक देव प्रकाशोत्सव व जन्मदिन की बधाई देते हुए बुक्के देकर गर्मजोशी से स्वागत किया। पूर्व वन, पर्यावरण व खेल राज्यमंत्री कुंवर संजय सिंह छोकर ने इस मौके पर उपस्थितों के बीच बोलते हुए कहा कि खुशी की बात यह है कि हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भरपूर विकास कार्यों को बढ़ावा दे रहे है। उन्होने लोगों का भरोसा जीता है और देश व प्रदेश में मोदी-नायब सरकार में किया गया काम और लोगों का भरोसा सिर चढक़र बोल रहा है। जिसके लिए देश व प्रदेश की जनता बधाई की पात्र है। इस मौके पर मौजूद लोगों के बीच बोलते हुए पूर्व वन, पर्यावरण व खेल राज्यमंत्री कुंवर संजय सिंह छोकर ने कहा कि देश-धर्म से ऊपर कोई चीज नही है। प्रत्येक व्यक्ति में राष्ट्र के प्रति सर्मपण भाव सर्वोपरि होना चाहिए क्योकि देश हमें सब कुछ देता है तो हमें भी राष्ट्र हित को सर्वोपरि रख राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझनी और राष्ट्र के प्रति त्याग व बलिदान की भावना रखनी चाहिए। उन्होने कहा कि क्षेत्र के लोगों ने उन्हे पिछली बार सोहना हलका से विधायक चुनकर और भाजपा ने उन्हे राज्य सरकार में वजीर बनाकर उन पर जो एहसान किया है, उसे वह ताउम्र नही उतार पाएंगे। पूर्व वन, पर्यावरण व खेल राज्यमंत्री कुंवर संजय सिंह छोकर ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सरकार का सर्वप्रथम उददेश्य राज्य में बिगड़ी कानून व्यवस्था को पटरी पर लाना, असामाजिक तत्वों पर नकेल कसवाना, भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार पर रोक लगाना, हर विधानसभा क्षेत्र में जरूरत के आधार पर भरपूर विकास कार्यों को बढ़ावा देना, स्वच्छ पेयजल, पर्याप्त यातयात सुविधा, सरकारी अस्पताल में आने वाले रोगियों को पर्याप्त सुविधाएं मुहैया करवाना, खेलस्टेडियम में खेलों व खिलाडिय़ों को बढ़ावा देने के लिए सभी जरूरी कदम उठाना है। पूर्व वन, पर्यावरण व खेल राज्यमंत्री कुंवर संजय सिंह छोकर ने कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि सोहना में सरकारी महिला कॉलेज, डिग्री कॉलेज और उपयुक्त स्थान देखकर एक बड़ी गौशाला, छठ पूजा महोत्सव के लिए स्थाई रूप में भूमि उपलब्ध करवाई जाए तथा विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के लिए 8-10 एकड़ भूमि में सामुदायिक केन्द्र बनवाना जाए। पूर्व वन, पर्यावरण व खेल राज्यमंत्री कुंवर संजय सिंह छोकर को बधाई देने आए सोहना विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के वरिष्ठ नेता और सराय ग्रामपंचायत के पूर्व सरपंच चौधरी समयपाल भड़ाना के साथ-साथ इस मौके पर गांव बालियावास से आए चौधरी रणबीर पहलवान, गांव झामुवास से आए कृष्ण यादव, तावडू ब्लॉकसमिति चेयरमैन नरेश यादव, राठीवास ग्रामपंचायत के सरपंच बिल्लू, बिस्सर गांव से आए चौधरी ओमप्रकाश, सतपाल सहरावत, ब्राहमण नेता साजन शर्मा, दौहला गांव के सरपंच गुल्लू, जोनी दौहला, पूर्व नगरपार्षद जेडी यादव, उदय भाटी, धर्मेन्द्र राघव, नमन ज्वैलर्स से आए अनिल जैन, युवा समाजसेवी कुवर महेन्द्र सिंह राणा, नितिन राघव, सुंदर राघव, आर्यप्रताप, तरूण लटठ, गांव बादशाहपुरटैढड़ से आए तरूण राघव, भाजपा नेता रामबाबू गुप्ता, भाजपा के सोहना मंडल के पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम सक्सेना, जिलापरिषद की सदस्या पुष्पा खटाना, अनुराग खटाना रिठौजिया, नंबरदार मोहन सिंह आदि प्रमुख लोगों के अलावा सोहना, गुरूग्राम, पटौदी और मेवात विधानसभा क्षेत्रों के विभिन गांवों से आए पार्टी कार्यकर्ता और पदाधिकारी तथा सर्वसमाज सरदारी व पंच-पटेल विशेष रूप से मौजूद रहे।

बम-पटाखों की बजाय दीपक जलाकर मनाए प्रदूषण मुक्त दीवाली : डाक्टर प्रवीण यादव

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। सोहना में आम जनमानस को प्रदूषण से होने वाली हानि और पटाखा मुक्त दीवाली मनाए जाने के लिए वरदान हास्पिटल एवं ट्रामा सेंटर आगे आया है। वरदान हास्पिटल एवं ट्रामा सेंटर निर्देशक डाक्टर प्रवीण यादव, डाक्टर निशेंदु यादव की अगुवाई में अस्पताल स्टाफ और जागरूक लोगों ने शहर में जागरूकता अभियान चलाते हुए लोगों को प्रदूषण से होने वाली हानि से अवगत कराया और पटाखा रहित दीपावली मनाए जाने का आग्रह किया। इस मौके पर खेलस्टेडियम के सामने आयोजित लघु आयोजन में उपस्थितों के बीच मुख्य वक्ता रूप में बोलते हुए वरदान हास्पिटल एवं ट्रामा सेंटर निर्देशक डाक्टर प्रवीण यादव ने कहा कि दीवाली पर शौक पूरा करने के लिए जलाए जाने वाले पटाखे अक्सर शरीर को ऐसी चोट दे जाते है, जिससे जीवन भर पछतावा रहता है। इसलिए पटाखे चलाने से बचना चाहिए ताकि व्यक्ति सुरक्षित रहे और पर्यावरण दूषित ना हो। उन्होने कहा कि असली दीवाली दीए जलाकर मनाई जाती है लेकिन आज बच्चे पटाखे चलाने को प्राथमिकता देते है। यदि पटाखे चलाने ही है तो सुरक्षित तरीके से हल्के बारूद वाले पटाखे चलाए। जिससे ध्वनि प्रदूषण कम होगा। उन्होने अभिभावकों को परामर्श दिया है कि बच्चों को हल्के पटाखे खरीद कर दे। पटाखे चलाते वक्त बच्चों के साथ रहे। किसी भी पटाखे को चलाने के लिए उचित दूरी बनाना जरूरी है। एक लकड़ी पर मोमबत्ती बांधकर रखे ताकि पटाखों को चलाते वक्त उचित दूरी बनी रहे। उन्होने कहा कि अगर व्यक्ति के कपड़ों में आग लग जाए तो उस पर पानी ना डाले। कोई भी कंबल या सूती कपड़ा डालकर आग बुझाए। आग लगने पर यदि व्यक्ति अकेला है तो जमीन पर लेटकर अपने शरीर को पलटी मारना शुरू करे। ऐसे में आग बुझ जाएगी। अगर पटाखा चलाते समय हाथ या शरीर पर बारूद लगा है तो ठंडे पानी से साफ करे। जले हुए हिस्से पर तेल आदि कुछ ना लगाए। तुरंत योग्य डाक्टर को दिखाए। वरदान हास्पिटल एवं ट्रामा सेंटर के निर्देशक डाक्टर प्रवीण यादव, डाक्टर निशेंदु यादव ने कहा कि दीपावली दीपों का त्यौहार है लेकिन हमें ऊर्जा बचाने के लिए अपने घरों पर लगने वाली लाईटों का कम से कम प्रयोग करना चाहिए और 60 व 100 वाट के बल्बों के स्थान पर एलईडी, 6, 9, 12 व 18 वाट की सीएफएल व स्लिम टयूब लाइटों को इस्तेमाल में लाना चाहिए। उन्होने बताया कि दीवाली पर बमों व पटाखों से त्योहार मनाना कोई अनिवार्य नहीं है। अपनी खुशी का इजहार तो मिठाई, उपहारों, रंगोली व दीयों के साथ कर सकते है। त्यौहार का सही आनंद स्वच्छ व प्रदूषण रहित वातावरण में ही आएगा। वरदान हास्पिटल एवं ट्रामा सेंटर के निर्देशक डाक्टर प्रवीण यादव, डाक्टर निशेंदु यादव ने दीवाली के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि लोग अपने घर को दीयों से सजाए।

हरियाणा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जितेंद्र भारद्वाज के चचेरे भाई के निधन पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा ने किया शोक व्यक्त



ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। हरियाणा प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा बुधवार को सोहना पहुंचे। जहां पर उन्होंने हरियाणा प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जितेंद्र भारद्वाज के चाचा स्वर्गीय जगमोहन भारद्वाज के छोटे सुपुत्र स्वर्गीय दीपू भारद्वाज के निधन पर शोक व्यक्त किया एवं ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने कहा कि दीपू भारद्वाज का इतनी छोटी उम्र में चले जाना परिवार के लिए बड़े दुख की बात है। परिवार से जब कोई व्यक्ति छोडक़र चला जाता है तो परिवार वालों पर जो दुखों का पहाड़ टूटता है, उस दुख की कल्पना करना भी असंभव है। हम इस दुख की घड़ी में परिवार के साथ खड़े है और हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि परिवार वालों को इस अहसानीय दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे। पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के साथ सोहना-तावडू शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों ने भी स्वर्गीय दीपू भारद्वाज को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की एवं ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

अस्पतालों, नर्सिंग होम, शिक्षण संस्थानों और अन्य साइलेंस जोन के 300 मीटर के दायरे में पटाखे चलाने पर रहेगा प्रतिबंध : भाजपा नेता राकेश जैन

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। भाजपा नेता राकेश जैन झिरकिया ने बताया कि सोहना समेत पूरे एनसीआर क्षेत्र में सुप्रीम कोर्ट के सख्त दिशा-निर्देशों के तहत दिवाली पर्व के उपलक्ष्य में केवल ग्रीन पटाखों की बिक्री और चलाने की अनुमति प्रदान की गई है। उन्होने बताया कि सुप्रीम कोर्ट की ओर से जारी निर्देशों के अनुसार नीरी (एनईईआरआई) की वेबसाइट से प्रमाणित हरित पटाखों की बिक्री की अनुमति दी गई है। वही ग्रीन पटाखों की बिक्री के लिए व्यापारियों के लाइसेंस 4 नवंबर से 6 नवंबर, 2026 तक अस्थायी रूप से बहाल किए गए हैं। सुप्रीमकोर्ट द्वारा जारी आदेशों के अनुसार, नागरिक 7 और 8 नवंबर, 2026 को सुबह 6 बजे से 7 बजे तक तथा रात 8 बजे से 10 बजे तक ही ग्रीन पटाखे जला सकेंगे। 9 नवंबर से पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध पुन: लागू हो जाएगा। इसकी निगरानी के लिए जिला और खंड स्तर पर टीमें भी गठित की गई हैं। भाजपा नेता राकेश जैन झिरकिया ने बताया कि अस्पतालों, नर्सिंग होम, प्राथमिक एवं जिला स्वास्थ्य केंद्रों, वृद्धाश्रमों तथा अधिसूचित साइलेंस जोन के 300 मीटर के दायरे में पटाखे चलाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। यही प्रतिबंध शिक्षण संस्थानों पर भी लागू होगा। उन्होने कहा कि इन निर्देशों का उददेश्य बीमारियों से पीड़ित लोगों, बुजुर्गों, बच्चों और अन्य संवेदनशील नागरिकों को ध्वनि एवं वायु प्रदूषण से होने वाली परेशानी से बचाना है। उन्होने बताया कि सुप्रीमकोर्ट के निर्देशों के अनुसार इन उत्पादों की बिक्री पूरे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में केवल निर्दिष्ट स्थानों से ही की जा सकेगी, जिन्हे जिला कलेक्टर/आयुक्त द्वारा पुलिस अधीक्षक के परामर्श से चिन्हित किया जाएगा और व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। पुलिस अधिकारी, प्रशासन के परामर्श से बिक्री के निर्दिष्ट स्थानों पर निगरानी रखने के लिए गश्ती दल गठित करेंगे, जिनमें राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों के क्षेत्रीय कार्यालयों से नामित अधिकारी भी शामिल होंगे। गठित दल नीरी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए हरित पटाखा उत्पादों और दिए गए पंजीकरणों के साथ व्यक्तिगत निर्माताओं को जारी किए गए क्यूआर कोड की जांच करेंगे। टीम द्वारा जांच के लिए इन पटाखा उत्पादों के नमूने भी लिए जाएंगे, जिन्हे पीईएसओ को भेजा जाएगा। उल्लंघन पाए जाने पर प्रतिबंधित उत्पादों के निर्माण या बिक्री में शामिल लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही पीईएसओ या नीरी से उनका लाइसेंस/पंजीकरण भी रदद किया जा सकता है। उन्होने बताया कि प्रशासन और पुलिस यह सुनिश्चित करेंगे कि पटाखों का उपयोग 7 और 8 नवंबर, 2026 को सुबह 6 बजे से 7 बजे तक तथा रात 8 बजे से रात 10 बजे तक ही सीमित रहे। नीरी द्वारा प्रमाणित हरित पटाखों की बिक्री केवल पीईएसओ से लाइसेंस प्राप्त व्यापारियों के माध्यम से ही की जाएगी। ऐसे पटाखे, जो पंजीकृत/लाइसेंस प्राप्त निर्माताओं द्वारा निर्मित नहीं हैं, उन्हें तुरंत जब्त कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार एनसीआर में बेरियम युक्त पटाखों और नीरी द्वारा ग्रीन पटाखे के रूप में अनुमोदित नहीं किए गए पटाखों के उपयोग की अनुमति नहीं होगी। यदि ये बिक्री के लिए या किसी व्यक्ति/व्यापारी के कब्जे में पाए जाते हैं, तो उन्हें तुरंत जब्त कर लिया जाएगा। इसके अलावा लड़ी पटाखों का निर्माण या बिक्री प्रतिबंधित है। 9 नवंबर से पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध पुन: लागू रहेगा।

भाजपा नेता राकेश जैन झिरकिया ने बताया कि जिलाधीश द्वारा गुरुग्राम जिला के लिए जारी आदेशों में हरियाणा स्टेट पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड, गुरुग्राम के रीजनल ऑफिसर को निर्देश दिए गए हैं कि वे सुप्रीम कोर्ट और सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के निर्देशों के अनुसार नियमित रूप से वायु गुणवत्ता की मॉनिटरिंग करें तथा संबंधित वेबसाइटों पर डेटा अपलोड करें। इस कार्य में सभी विभागों, बोर्डों, निगमों एवं नागरिकों से पूर्ण सहयोग करने का आग्रह किया गया है। साथ ही सभी संबंधित अधिकारी नियमित रूप से रेड/निरीक्षण करेंगे और इसकी रिपोर्ट प्रतिदिन जिलाधीश कार्यालय में प्रस्तुत करेंगे।

बम-पटाखों की बजाय दीपक जलाकर मनाए प्रदूषण मुक्त दीवाली : कांग्रेस नेता पहलवान सतबीर खटाना

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता और किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष पहलवान सतबीर खटाना दमदमिया और युवा कांग्रेस के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता मनदीप खटाना ने क्षेत्रवासियों से प्रदूषण मुक्त दीवाली मनाने आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि दीपावली दीपों का त्यौहार है लेकिन हमें ऊर्जा बचाने के लिए अपने घरों पर लगने वाली लाईटों का कम से कम प्रयोग करना चाहिए और 60 व 100 वाट के बल्बों के स्थान पर एलईडी, 6, 9, 12 व 18 वाट की सीएफएल व स्लिम टयूब लाइटों को इस्तेमाल में लाना चाहिए। कांग्रेस नेता और किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष पहलवान सतबीर खटाना दमदमिया और युवा कांग्रेस के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता मनदीप खटाना व विशाल खटाना ने दीवाली के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि लोग अपने घर को दीयों से सजाए। इससे बिजली की खपत कम होगी। त्यौहारों के अवसर पर बिजली की बढती मांग के मददेनजर बचत करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने बम-पटाखों से होने वाले नुकसान और प्रदूषण से होने वाली हानियों से अवगत कराते हुए बताया कि धुएं से दमा, ब्रोकाईटिस और दिल का दौरा पडने जैसी अन्य अनेक बीमारियां पैदा होती है। पटाखे छोडने से प्रदूषण का स्तर बहुत अधिक बढ जाता है जोकि बहुत हानिकारक है। इससे आप और हम सब मिलकर ही छुटकारा पा सकते है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया है कि वह स्वयं धुआं और धमाका मुक्त त्योहार मनाने के साथ साथ अन्य लोगों को भी इसकी प्रेरणा दे।

समाजवाद को बढ़ावा देने के लिए समानता बहुत ही जरूरी : चेयरमैन सुभाष बंसल

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता


सोहना। हरियाणा स्टेट कोप्रेटिव हाउसिंग फैडरेशन लिमिटेड चेयरमैन सेठ सुभाष बंसल ने लोगों से दीवाली पर तेज आवाज व प्रदूषण फैलाने वाले जहरीले पटाखे ना चलाने का आग्रह किया है। हरियाणा स्टेट कोप्रेटिव हाउसिंग फैडरेशन लिमिटेड चेयरमैन सेठ सुभाष बंसल का कहना है कि पटाखों से बचाए गए पैसों से मिठाई और वस्त्र आदि खरीद कर अपने आसपास रहने वाले गरीब परिवारों में मिठाई और वस्त्र वितरित की जाए ताकि अत्यंत निर्धन परिवारों के बच्चे भी दीवाली के त्योहार का आनंद उठाए। कार्यक्रम के संयोजक व अग्रवाल युवा नेता हर्ष गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि बुधवार को मातृभूमि परिसर में आयोजित किए गए जागरूकता सम्मेलन में मौजूद लोगों के बीच मुख्य वक्ता रूप में बोलते हुए हरियाणा स्टेट कोप्रेटिव हाउसिंग फैडरेशन लिमिटेड चेयरमैन सेठ सुभाष बंसल ने कहा कि अग्रवाल समाज के प्रवर्तक महाराजा अग्रसेन महाराज ने भी अमीर-गरीब के बीच की खाई को पाटने और समाजवाद व समानता लाने के लिए अपने राज में एक ईंट-एक रुपया का प्रचलन चलाया था। जब कोई परिवार बाहर से उनकी नगरी में रहने आता था तो सभी लोग उसे एक रुपया और एक ईंट देते थे ताकि ईंटों से वह मकान, दुकान बनाए और रुपयों से कारोबार करे। ईट और रुपयों की बदौलत बाहर से महाराजा अग्रसेन की नगर में आने वाला परिवार उसी दिन ईंट और रुपयों को पाने पर अन्य परिवारों के समान बन जाता था और सभी परिवारों में आपसी प्रेम-प्यार, सौहार्द बढ़ता था। उन्होने बताया कि दीवाली के उपलक्ष्य में उन्होने संकल्प लिया है कि वह बम-पटाखों पर होने वाले खर्चे से इस बार मिठाईयां और नए वस्त्र खरीद कर जरूरतमंद लोगों के बीच वितरित कर दीवाली मनाएंगे।

ग्रीन पटाखों के साथ मनाई जा सकेगी दीवाली : पूर्व चेयरमैन दिनेश शर्मा

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। हरियाणा वेयरहाउस के पूर्व चेयरमैन व भाजपा के वरिष्ठ नेता पंडित दिनेश शर्मा ने बताया कि सोहना समेत पूरे एनसीआर क्षेत्र में सुप्रीम कोर्ट के सख्त दिशा-निर्देशों के तहत दिवाली पर्व के उपलक्ष्य में केवल ग्रीन पटाखों की बिक्री और चलाने की अनुमति प्रदान की गई है। उन्होने बताया कि सुप्रीम कोर्ट की ओर से जारी निर्देशों के अनुसार नीरी (एनईईआरआई) की वेबसाइट से प्रमाणित हरित पटाखों की बिक्री की अनुमति दी गई है। वही ग्रीन पटाखों की बिक्री के लिए व्यापारियों के लाइसेंस 4 नवंबर से 6 नवंबर, 2026 तक अस्थायी रूप से बहाल किए गए हैं। सुप्रीमकोर्ट द्वारा जारी आदेशों के अनुसार, नागरिक 7 और 8 नवंबर, 2026 को सुबह 6 बजे से 7 बजे तक तथा रात 8 बजे से 10 बजे तक ही ग्रीन पटाखे जला सकेंगे। 9 नवंबर से पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध पुन: लागू हो जाएगा। इसकी निगरानी के लिए जिला और खंड स्तर पर टीमें भी गठित की गई हैं। हरियाणा वेयरहाउस के पूर्व चेयरमैन व भाजपा के वरिष्ठ नेता पंडित दिनेश शर्मा ने बताया कि अस्पतालों, नर्सिंग होम, प्राथमिक एवं जिला स्वास्थ्य केंद्रों, वृद्धाश्रमों तथा अधिसूचित साइलेंस जोन के 300 मीटर के दायरे में पटाखे चलाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। यही प्रतिबंध शिक्षण संस्थानों पर भी लागू होगा। उन्होने कहा कि इन निर्देशों का उददेश्य बीमारियों से पीड़ित लोगों, बुजुर्गों, बच्चों और अन्य संवेदनशील नागरिकों को ध्वनि एवं वायु प्रदूषण से होने वाली परेशानी से बचाना है। उन्होने बताया कि सुप्रीमकोर्ट के निर्देशों के अनुसार इन उत्पादों की बिक्री पूरे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में केवल निर्दिष्ट स्थानों से ही की जा सकेगी, जिन्हे जिला कलेक्टर/आयुक्त द्वारा पुलिस अधीक्षक के परामर्श से चिन्हित किया जाएगा और व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। पुलिस अधिकारी, प्रशासन के परामर्श से बिक्री के निर्दिष्ट स्थानों पर निगरानी रखने के लिए गश्ती दल गठित करेंगे, जिनमें राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों के क्षेत्रीय कार्यालयों से नामित अधिकारी भी शामिल होंगे। गठित दल नीरी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए हरित पटाखा उत्पादों और दिए गए पंजीकरणों के साथ व्यक्तिगत निर्माताओं को जारी किए गए क्यूआर कोड की जांच करेंगे। टीम द्वारा जांच के लिए इन पटाखा उत्पादों के नमूने भी लिए जाएंगे, जिन्हे पीईएसओ को भेजा जाएगा। उल्लंघन पाए जाने पर प्रतिबंधित उत्पादों के निर्माण या बिक्री में शामिल लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही पीईएसओ या नीरी से उनका लाइसेंस/पंजीकरण भी रदद किया जा सकता है।



हरियाणा सरकार | हरियाणा हीरक जयंती HARYANA HIRAK JAYANTI | आजादी की चमकी तलवार

"आज जो हम स्वतंत्र भारत में सांस ले रहे हैं, उसके पीछे मां भारती के लाखों बेटे-बेटियों का त्याग, बलिदान और मां भारती को आजाद कराने के संकल्प के प्रति उनका समर्पण है।"

- नरेन्द्र मोदी



आजादी के प्रथम संघर्ष (1857) को समर्पित

शहीद स्मारक का लोकार्पण

5 नवम्बर, 2026 | दोपहर 3:00 बजे

शहीद स्मारक, राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44, अम्बाला कैंट

मुख्य अतिथि

श्री अमित शाह

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री

अध्यक्षता

श्री नायब सिंह सैनी

मुख्यमंत्री, हरियाणा

अन्य कार्यक्रम

जनसभा

समय - सायं 4:00 बजे

स्थान - रैली स्थल, गांधी ग्राउंड, अम्बाला कैंट

जनसभा से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

जलबेहड़ा - शाहाबाद (NH-152G)

राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना का उद्घाटन

आप सादर आमंत्रित हैं

HARYANACMO | CMOHRY | www.haryanacmoffice.gov.in

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana